तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 3 नवंबर, 2025


13 अन्नपूर्णा मुहिम ने थाम लिया गरीब व मजबूर परिवार का हाथ, मिल रही मदद






## खबर संक्षेप

### पशुओं को खुला छोड़ने पर होगी कार्रवाई

**भिलाईनगर।** नेशनल हाईवे नेहरू नगर चौंक से पावर हाउस चौक तक रोड बाधित करने वाले पशुओं को पकड़ने की कार्यवाही की जा रही है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर बेदखली प्रभारी विनय शर्मा अपने दल के साथ पशुओं को पकड़ने का कार्य कर रहे हैं। पकड़े गये पशुओं को कोसानाला गौठान में रखा जा रहा है। जहां उनके खाने के लिए हरा चारा, पानी की व्यवस्था किया गया है। खटाल संचालको द्वारा पशुओं को खुला छोड़ दिया जाता है, जिसके कारण पशु भटकते हुए सड़को के बीच में आकर बैठ जाते है। नेशनल हाईवे होने के कारण भारी एवं दुपहिया वाहनों का आना-जाना अधिक रहता है। पशुओं के सड़को पर बैठने के कारण वाहन चालकों को दुर्घटना की संभावना बनी रहती है और दुपहिया वाहन चालको को गिरने का डर बना रहता है। जिसे देखते हुए उड़नदस्ता दल सुबह से पशुओं को पकड़कर काउकेचर के माध्यम से गौठान में छोड़ने का कार्य किए हैं। नगर निगम भिलाई का सभी खटाल संचालको से अपील है, कि अपने पशुओं को खुला न छोड़े। पशुओं के कारण किसी प्रकार की दुर्घटना होती है तो उसकी जवाबदेही खटाल संचालको की होगी और निगम द्वारा कड़ी कार्यवाही की जावेगी।

### सरकारी स्कूलों में स्पेशल एजुकेटर भर्ती दस्तावेजों का होगा आज से सत्यापन

**भिलाई।** लोक शिक्षण संचालनालय सरकारी स्कूलों में स्पेशल एजुकेटर के 100 पदों पर सीधी भर्ती होनी है। इसके लिए कुल 3435 आवेदन प्राप्त हुए। विभाग के वेबसाईट पर मान्य एवं अमान्य आवेदनों की सूची 18 अक्टूबर को जारी की गई थी एवं अभ्यर्थियों से उ सूची पर दावा आपत्ति आमंत्रित किये गये थे। दावा आपत्ति में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के पश्चात मान्य आवेदनों की अंतरिम सूची 26 अक्टूबर को वेबसाईट पर जारी की गई थी। जिस पर अभ्यर्थियों से पुनः दावा आपत्ति आमंत्रित किये गये थे। मान्य आवेदनों की अंतरिम सूची पर प्राप्त दावा आपत्ति के आवेदनों के परीक्षण के उपरांत स्पेशल एजुकेटर भर्ती के लिये मेरिट सूची एवं दस्तावेज सत्यापन की सूची विभाग की वेबसाईट पर 31 अक्टूबर को जारी की गई है। सूची के अनुसार मेरिट सूची में शामिल अभ्यर्थियों की संख्या 1050 तथा दस्तावेज सत्यापन में शामिल किये गये अभ्यर्थियों की संख्या 187 है। स्पेशल एजुकेटर (प्राथमिक/उच्य प्राथमिक/माध्यमिक) का दस्तावेज सत्यापन 3 एवं 14 नवंबर को इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर के तृतीय तल के मीटिंग हॉल नंबर 1 एवं 4 में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जायेगा। अभ्यर्थी दस्तावेज सत्यापन का प्रपत्र विभाग की वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते हैं।

### मेडिकल, एनेस्थेसिया, चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की कमी पहले से ही

# डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा जिला अस्पताल, दो डॉक्टरों ने दिया इस्तीफा, डायलिसिस यूनिट चल रहा भगवान भरोसे

देवीलाल साहू ▶▶ भिलाई



डॉक्टरों की कमी से जूझ रहे जिला अस्पताल में दो और डॉक्टर कम हो गए हैं। इसलिए कि दो डॉक्टरों ने इस्तीफा दे दिया और 1 नवंबर से उनकी सेवाएं अस्पताल में मरीजों को नहीं मिल रही। यहां के एक मात्र न्यूरोसर्जन डॉ. कुलदीप सिंह और अप्थालमिक चिकित्सक डॉ. ऋचा वर्मा ने हॉस्पिटल से काम छोड़ दिया। वैसे की इस हॉस्पिटल में पहले से ही मेडिकल स्पेशलिस्ट, चाइल्ड स्पेशलिस्ट सर्जरी स्पेशलिस्ट, नाक, कान व गला स्पेशलेस्टि जैसे डॉक्टरों का टोटा बना हुआ है।

### जिला अस्पताल में स्वीकृत डॉक्टरों के पद व वर्तमान स्थिति

| पद | स्वीकृत | कार्यरत | खाली |
|---|---|---|---|
| मेडिकल विशेषज्ञ. | 05 | 03 | 02 |
| स्त्रीरोग विशेषज्ञ. | 05 | 04 | 01 |
| शिशु रोग विशेषज्ञ. | 05 | 02 | 03 |
| रेडियोलॉजस्टि . | 04 | 00 | 04 |
| एनेस्थेसिया विशेषज्ञ | 04 | 02 | 02 |
| सर्जरी विशेषज्ञ . | 04 | 03 | 01 |
| नाक कान गला. | 03 | 01 | 02 |
| पैथालॉजस्टि . | 02 | 01 | 01 |
| चर्मरोग विशेषज्ञ. | 01 | 00 | 01 |
| मनोरोग विशेषज्ञ. | 02 | 00 | 02 |

## जानिए जिला अस्पताल में डॉक्टरों का संकट

### केस एकः डायलिसीस यूनिट में एक भी डॉक्टर नहीं

जिला अस्पताल के डायलिसीस यूनिट में एक भी डॉक्टर नहीं है। यहां 7 डायलिसीस की मशीनें हैं। हर दिन 18 से 20 मरीजों की डायलिसीस यहां होती है। हाल यह है कि डायलिसीस टेक्नीशियनों के भरोसे किए जा रहे हैं। मेडीसीन के चिकित्सक डॉ. केके जैन और डॉ. देवेन्द्र कुमार साहू से ये यूनिट काम चलाया जा रहा है। मरीजों ने बताया कि कई बार तो रिपोर्ट की जानकारी ही नहीं मिल पाती और चक्कर काटने पड़ते हैं। ये दोनों डॉक्टर अपने विभागों का काम मुख्यतौर पर देखते हैं।

### केस दोः पांच आपरेशन थिएटर लेकिन एनेस्थेसिया के दो डॉक्टर

जिला अस्पताल में पांच आपरेशन थिएटर हैं। अलग.अलग विभागों के हिसाब से ये ओटी हैं। सर्जरी, आर्थो, गायनिक, ईनएनटी और नेत्र ओटी। इन विभागों में आने वाले मरीजों को आपरेशन के पहले एनेथेसिया देने की जरूरत पड़ती है। हर विभाग के हिसाब से एक- एक एनेस्थेटिक डॉक्टर की जरूरत है। राज्य ने यहां 4 एनेस्थेटिक डॉक्टर के पद स्वीकृत किए हैं। हाल ही में दो डॉक्टर अस्पताल छोड़ कर चले गए। इसलिए केवल 2 डॉक्टर से ही पांचों ओटी का काम चलाना पड़ रहा है।

### केस तीनः पिडियाट्रिक्स में तीन डॉक्टर नहीं

पिडियाट्रिक्सि में 5 चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉक्टरों के पद स्वीकृत हैं। वर्तमान में यहां केवल दो स्पेशलिस्ट डॉक्टरों के भरोसे काम चलाया जा रहा है। यानी 3 स्पेशलिस्ट डॉक्टर की कमी बनी हुई है। यहां शिशुरोग गहन इकाई 30 बिस्तर का है। इसके अलावा बच्चों के दो वार्ड भी हैं। जहां बच्चों को भर्ती किया जाता है। मदर चाइल्ड यूनिट अलग से बना हुआ है। जहां डिलवरी के बाद माताओं व बच्चों को एक साथ रखकर इलाज करना है। ओपीडी भी इन्ही दो डॉक्टरों को देखना है। वार्ड में भर्ती बच्चों का इलाज भी इन्ही के जिम्मे है।

### ऑनलाइन तैयार हो रही है रेडियोलॉजिस्ट की रिपोर्ट

जिला अस्पताल में रेडियोलॉजस्टि के 4 पद स्वीकृत है। वर्तमान में यह पद पूरी तरह खाली है। हाल यह है कि सीटी स्केन की रिपोर्ट ऑनलाइन तैयार करवानी पड़ रही है। जिला अस्पताल प्रबंधन ने निजी हॉस्पिटल के रेडियोलॉजिस्ट डॉ. पाल को हायर किया है। इसके लिए प्रति केस 200 रुपए का भुगतान किया जा रहा है।

### सोनोग्राफी के लिए लौटे डॉक्टर देवांगन

जिला अस्पताल से सेवानिवृत्त हुए डॉ. बीएन देवांगन संविदा पर वापस आ गए हैं। डॉ. देवांगन के 31 जुलाई के रिटायर होने के बाद सोनोग्राफी सेवाएं बंद हो गई थी। वहीं नियमित या संविदा रेडियोलॉजस्टि नहीं होने से सोनोग्राफी के लिए 21 दिन इंतजार करना पड़ रहा है। अब भी मरीजों को इतने दिन इंतजार करना पड़ रहा है लेकिन सोनोग्राफी शुरू हो गई यही मरीजों के लिए राहत की बात है।

### मनोरोग की ओपीडी व भर्ती पहले से है बंद

जिला अस्पताल में मनोरोग स्पेशलिस्ट डॉक्टर के 2 पद स्वीकृत हैं। दोनों की पदों पर संविदा के रूप में डॉक्टर की नियुक्ति की गई थी। मनोरोग की ओपीडी भी अलग से चलाई जा रही थी। दोनों डॉक्टरों ने अस्पताल में काम करना छोड़ दिया। जिसकी वजह से मनोरोग की ओपीडी बंद हो गई है। हर दिन 100 मनोरोग मरीज यहां जांच व इलाज के लिए आते। मनोरोगियों के लिए राज्य सरकार सीजीएमएससी के माध्यम से दवा भी भेज रही है। मरीजों की भर्ती सुविधा भी शुरू की गई थी। नशापान व डिप्रेशन से पीड़ित मरीजों को सरकारी इलाज से बड़ी राहत मिल रही थी। जो बंद हो गई है।

### इस्तीफे से इलाज होगी प्रभावित

दो डॉक्टरों ने इस्तीफा दे दिया है और 1 नवंबर से वे नहीं आ रहे हैं। इससे मरीजों का इलाज प्रभावित जरूर होगा लेकिन हम दूसरे डॉक्टरों के माध्यम से मैनेज कर लेंगे। सोनोग्राफी में डॉ. देवांगन की पुनर्नियुक्ति हो गई है। सीटी स्कैन के लिए निजी डॉक्टर से अनुबंध हुआ है। वे ऑनलाइन रिपोर्ट भेजते हैं।

**- डॉ. एके मिंज, सिविल सर्जन,** जिला अस्पताल

# 11 लाख को 11 करोड़ रुपए बनाकर देने वाला ठग गैंग के तीन आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

दुर्ग पुलिस ने रकम को 100 गुना करके देने वाले महा ठग गिरोह को पकड़ा है। पुलिस ने तीन ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो शिकायतकर्ता से 11 लाख रुपए लेकर पूजा विधि के जरिए उसे 11 करोड़ रुपए बनाकर देने वाले थे। इसके बाद पूजा के दौरान वो उसकी रकम लेकर फरार हो गए।

- पूजा करके रकम सौ गुना करने का किया था दावा, फिर रुपए लेकर हो गए फरार

एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि रामकुमार जायसवाल ने पुलगांव थाने में मामले की लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि मंदा पासवान और उसके साथियों ने पूजा के नाम पर उससे एक लाख रुपए लिए और फिर धोखादेकर रकम के साथ फरार हो गए। उसने बताया कि वो ड्राइवरी का काम करता है। बहुत दिनों से पैसे की तंगी थी। इस परेशानी का जिक्र उसने अपने साथी जामगांव निवासी राजू से किया। राजू ने उसे महाराष्ट्र के रहने वाले किसी छोटू का नंबर दिया और बताया कि ये लोग पूजा करके पैसा को सौ गुना कर देते हैं।

रामकुमार लालच में आ गया और उसने छोटू के मोबाइल नंबर में संपर्क किया। छोटू ने एक महिला का मोबाइल नंबर देकर उसे फोन करने को कहा। जब रामकुमार ने महिला से संपर्क किया तो उसने अपना नाम मंदा पासवान बताया। उसने बताया कि वो यवतमाल महाराष्ट्र की रहने वाली है। उसने दावा कि उनके पास एक विशेष प्रकार की सिद्धी है। पूजा के जरिए वो लोग दी गई रकम को 100 गुना कर देते हैं। मंदा पासवान से 11 लाख रुपए का 11 करोड़ बनाकर देने की बात कही। जब पूरी बात हो गई तो मंदा ने कहा कि वो जल्द दुर्ग आएगी और उससे संपर्क करेगी।

बीते 1 नवम्बर को मंदा ने फोन किया और बताया कि वो दुर्ग बस स्टैंड के पास आ गई है। रामकुमार बस स्टैंड उसे लेने पहुंचा। उसने देखा कि मंदा सफेद अर्टिगा कार में थी और उसके साथ दो आदमी और बैठे थे। रामकुमार ने अपने मालिक से एक लाख रुपए लिया और मंदा पासवान को पूजा करने के लिए मलिक के खाली पड़े ट्रेंनिंग सेंटर में गया। मंदा के कहे अनुसार उसने उसे पूजा विधि के लिए दो मटका चावल आटा नींबू और अन्य सामान व एक लाख रुपए दिया। मंदा ने रात 8 बजे से पूजा शुरू की। पूजा के दौरान उसने रामकुमार को बुलाया और कहा कि उसे सिंदूर से भरी पांच डिब्बी लाकर दे। जैसे ही रामकुमार सिंदूर की डिब्बी लेने गया और वापस आया तो देखा कि मंदा पासवान वहां नहीं थी। आसपास खोजने के बाद भी जब वो लोग नहीं मिले तो उसे ठगी का अहसास हुआ और उसके बाद वो सीधे पुलगांव थाने पहुंचा और मामले की शिकायत दर्ज कराई।

### पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर आरोपियों को पकड़ा

पुलगांव पुलिस ने धारा 318(4), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया। इसके बाद तुरंत एक टीम को आरोपियों की तलाश के लिए भेजा। टीम ने आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा। उनके कब्जे से 7 मोबाइल फोन, अर्टिगा कार व एक लाख रुपए जप्त किया गया। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### इन आरोपियों को किया गया है गिरफ्तार

1. मंदा पासवान उर्फ मंदा ठमके उर्फ मंदा वाघमारे, (42 साल) निवासी जिला यवतमाल महाराष्ट्र
2. अमरदीप प्रहलाद दामोदर (34 साल) निवासी श्रीराम कॉलोनी चिखली महाराष्ट्र
3. संजय विलास जमुना (28 साल) निवासी मारेगांव यवतमाल महाराष्ट्र

# दो मकानों में चोरों ने बोला धावा, नगदी और सामान चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सुपेला थाना अंतर्गत दो मकानों में घुसकर अज्ञात चोरों ने वहां से नगदी रकम और सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। सुपेला पुलिस ने बताया कि दीपक कुमार निषाद (32 वर्ष) निवासी राजीव नगर वार्ड 10 ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि उसका सूरज किराना स्टोर के नाम से दुकान है। 31 अक्टूबर की रात 10 बजे दुकान बंद कर सभी परिवार वाले भोजन करने के बाद मेन दरवाजा बंदकर अपने-अपने कमरे में सोये थे। प्रार्थी लास्ट कमरे में सोया था और उनके रूम का दरवाजा खुला था। रात करीब 3.30 बजे कुछ आवाज आई अचानक आंख खोलकर देखा तो एक अज्ञात व्यक्ति मोबाइल को लेकर कमरे से निकल रहा था। वह उठा और उसे दौड़ाया, लेकिन तब तक वह वहां छत की तरफ से कूदकर भाग गया।

दीपक घर के अंदर गया और देखा कि दुकान का दरवाजा खुला है। अंदर से करीब 2700 रुपए नगद और कुछ सामान सहित कुल 8700 रुपए का माल चोरी हो गया था। सुबह उठा तब पता चला कि उसी रात को उसके पड़ोसी जीवन राम कंवर के घर में भी अज्ञात चोर ने घर का ताला तोड़कर अंदर घुसा और आलमारी में रखे नगदी 7000 रुपए मिक्सी, होम थियेटर, दो पीतल और दो कांसा के बर्तन सहित कुछ अन्य बर्तन चोरी कर ले गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपी का पता अभी तक नहीं चल पाया है।

# किसान की पत्नी का बैग छीनकर दो बाइक सवार बदमाश फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

पुरानी भिलाई थाना अंतर्गत एक किसान की पत्नी का बैग छीनकर भागने का मामला सामने आया है। आरोपी बाइक सवार अज्ञात बदमाश हैं। घटना के बाद पुरानी भिलाई पुलिस ने धारा 3(5),304(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम को लगाया गया है। पुरानी भिलाई पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक वार्ड 5 दादर निवासी मुकेश कश्यप ने मामले की शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि वो किसान है। बीते 29 अक्टूबर को वह अपनी बाइक में पत्नी गोदावरी कश्यपक को बैठाकर चरोदा बाजार सामान खरीदने गया था। वहां से वो लोग रात 8.15 बजे लौटे। जैसे ही वो लोग चरोदा बाजार से अपने घर दादर पहुंचने वाले थे कि रास्ते में एक बाइक में सवार होकर दो अज्ञात लोग आए। उन लोगों ने चलती बाइक में ही गोदावरी कश्यप के हाथ से उसका लेडीज बैग छीन लिया। जब तक मुकेश कुछ समझ पाता दोनों आरोपी वहां से काफी रफ्तार में भाग गए। गोदावरी ने बताया कि उसके बैग में चार हजार रुपये नगद और एक मोबाइल फोन था।

पुरानी भिलाई थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस की टीम लगी हुई है, जो कि घटना स्थल व उसके आसपास का सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। आरोपियों की पहचान होते ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# जलकर नहीं देने वालों की सूची तैयार, कटेगा नल कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत अवैध नल कनेक्शनधारियों को 31 अक्टूबर तक जोन कार्यालय में जाकर नल संयोजन शुल्क तथा शास्ति शुल्क 3000 रूपये जमा कर अवैध नल कनेक्शन को नियमित कराने समय दिया गया था। निगम द्वारा दिए गए समय पर जिन नल कनेक्शनधारियों द्वारा शुल्क जमा नहीं किये हैं और नल कनेक्शन नियमित नहीं कराए हैं। साथ ही नियमित नल कनेक्शनधारियों द्वारा लम्बे समय से जलकर की राशि निगम कोष में जमा नहीं किए है। उन सभी कनेक्शनधारियों का सूची तैयार कर सर्वे किया जा रहा हैं। जांच में यदि अवैध नल कनेक्शन पाया जाता है और जलकर की राशि निगम कोष में जमा नहीं किये है, तो बिना पूर्व सूचना दिये नल विच्छेदन की कार्यवाही की जावेगी। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी स्वयं जल उपभोक्ता की होगी। जलकर वसूली हेतु जोन क्रमांक 3 मे विश्व विशाल फैक्ट्री से संपर्क स्थापित किया गया।

### न्यायालय ने कहा कि सभी आरोपी निचली अदालत में करें आत्मसमर्पण

# दुर्ग के कोठारी बंधुओं की ओडिशा हाइकोर्ट से प्री-अरेस्ट बेल खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग





ओडिशा उच्च न्यायालय ने शेयर घोटाले के आरोपी दुर्ग के कोठारी बंधुओं सुरेश कोठारी, सिद्धार्थ कोठारी और सीए श्रीपाल कोठारी को अग्रिम जमानत (प्री-अरेस्ट बेल) देने से इनकार कर दिया है। न्यायालय ने इन्हें कोर्ट में सरेंडर करने का आदेश दिया है। इन तीनों याचिकाकर्ताओं ने न्यायालय में गिरफ्तारी से पहले जमानत देने की मांग रहे थे। इनका मामला एसडीजेएम, नुआपाड़ा ओडिशा की अदालत में लंबित है। इसके खिलाफ जांक मॉडल पुलिस थाने में आईपीसी की धारा 420, 406, 409, 467, 471 और 120B के तहत अपराध दर्ज है। इसी मामले में गिरफ्तारी से बचने के लिए कोठारी बंधुओं ने तीन बार हाइकोर्ट में जमानत की याचिका लगाई थी, जिसे न्यायालय ने रिजेक्ट कर दिया है। सबसे पहले सुरेश कोठारी और श्रीपाल कोठारी ने अग्रिम जमानत के लिए याचिका लगाई थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसके बाद सिद्धार्थ कोठारी ने 20 जुलाई 2023 को अपनी जमानत के लिए याचिका दायर की न्यायालय ने उसे भी खारिज कर दिया था। तीसरी बार जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए हाइकोर्ट ने 28 अक्टूबर 2025 को बेल खारिज करते हुए तीनो आरोपियों को न्यायालय में सरेंडर करने का आदेश दिया है।

### यह है पूरा मामला

शिकायतकर्ता मंजू सुराना ने श्रीपाल कोठारी, सुरेश कोठारी और सिद्धार्थ कोठारी पर रजत बिल्डकॉन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में शेयरों के निवेश को लेकर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि श्रीपाल कोठारी जो पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट और और उनके दोस्त सुरेश कोठारी ने आपसी मिलीभगत करके उनके साथ 2 करोड़ 15 लाख रुपए की धोखाधड़ी की और उनके शेयरों को कम कर दिया।

### जमानत का लाभ पाने के लिए यह दिया तर्क

याचिकाकर्ताओं के वकील ने न्यायालय में तर्क दिया कि 3 दिसंबर 2024 को मामले में चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है और आरोपों की प्रकृति अधिकतर सिविल है। उन्होंने एनसीएलटी, कटक में लंबित विवाद का हवाला देते हुए जमानत की मांग की। इस पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति वी. नरसिंह की पीठ ने चार्जशीट दाखिल होने को लेकर दिए दोनो पक्षों के वकील के तर्कों को सही माना। न्यायालय ने कहा कि,बहुत शुरुआत से ही, याचिकाकर्ताओं के पास अपराध करने का इरादा था। उनके अपराध की प्रकृति को देखते हुए न्यायालय ने उनकी जमानत याचिका को खारिज कर दिया उन्हें निचली अदालत में सरेंडर करने का आदेश दिया है।

### दुर्ग में खुलेआम घूम रहे ठगी के आरोपी

तीनो आरोपी कोठारी बंधु दुर्ग के रहने वाले हैं। इनके खिलाफ मंजू सुराना के साथ साथ प्रकाश जायसवाल की शिकायत पर कोलकाता सीबीआई में 54 करोड़ रुपए की शेयर धोखाधड़ी का दर्ज है। रजत सुराना डायरेक्टर महावीर आवास योजना प्राइवेट लिमिटेड की शिकायत पर दुर्ग कोतवाली थाने में 85 करोड़ रुपए के शेयर की धोखाधड़ी का दर्ज है। धोखाधड़ी के मामले में ही लगभग डेढ़ साल पहले सीबीआई इन आरोपियों को गिरफ्तार कर दुर्ग कोर्ट से रिमांड में लेकर गई थी। जमानत के बाद अब ये मामला ट्रायल में चल रहा है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

# प्रकाश पर्व पर निकला नगर कीर्तन, गुरुनानक देव के संदेशों को पहुंचाया जन-जन तक

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

सिक्खों के प्रथम गुरू गुरूनानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व पर रविवार को सिक्ख समाज द्वारा भव्य नगर कीर्तन निकाल कर गुरू के मानवता के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाया गया। यह नगर कीर्तन स्थानीय स्टेशन रोड स्थित गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा से गुरूग्रंथ साहेब की पूजा-अर्चना कर प्रारंभ हुई। गुरूग्रंथ साहेब को फुलों से सुसज्जित एक खुले वाहन में विराजमान किया गया था। जिसकी पंज प्यारों ने अगुवाई की। नगर-कीर्तन में गतका दल के करतब (अखाड़ा) का जोशिला प्रदर्शन आकर्षण का केन्द्र बना रहा।

नगर-कीर्तन में सिक्ख समाज की महिला व पुरुषों ने सड़कों पर झाड़ू लगाए और स्वच्छता के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। नगर-कीर्तन गाजे-बाजे के साथ गुरूद्वारा से सिंधी धर्मशाला होते हुए राजेन्द्र पार्क चौक पहुंची। तत्पश्चात यह नगर-कीर्तन जीई रोड होते हुए पटेल चौक से इंदिरा मार्केट,फरिश्ता कॉम्पलेक्स, तकियापारा, पोलसायपारा, अप्सरा टॉकीज चौक, अग्रेसन चौक, शहीद चौक होते हुए वापस गुरूद्वारा पहुंची। जहां नगर-कीर्तन का समापन हुआ। नगर-कीर्तन का पूरे रास्ते भर विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठनों के लोगों द्वारा जगह-जगह उत्साह के साथ स्वागत कर सर्वधर्म-समभाव का संदेश दिया गया, वहीं विभिन्न संगठनों द्वारा नगर-कीर्तन में शामिल लोगों को पेयजल, फल एवं अन्य खाद्य सामग्रियों का वितरण कर गुरूनानक देव जी के प्रकाश पर्व की खुशियां मनाई।

## सिक्ख समाज के लोगों ने सड़क पर झाड़ू लगाकर दिया



## मुस्लिम समाज ने किया नगर कीर्तन का स्वागत

सिंधी धर्मशाला स्टेशन रोड में पूज्य सिंधी जनरल पंचायत और पुराना बस स्टैंड स्थित बाबा के दरगाह के सामने मुस्लिम समाज के सदस्यों द्वारा नगर-कीर्तन का स्वागत किया गया। नगर-कीर्तन के समापन पर गुरुद्वारा में गुरू के अटुट लंगर का वितरण किया गया। जहां सैकड़ों की संख्या में लोगों ने लंगर ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। नगर कीर्तन में नगर कीर्तन में पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, कांग्रेस नेता परमजीत सिंह भुई, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, पूर्व सभापति राजकुमार नारायणी, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, पूर्व पार्षद मनदीप सिंह भाटिया, पूर्व पार्षद फत्तेसिंह भाटिया, श्री सांई मंदिर समिति अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ, शीतला मंदिर समिति अध्यक्ष रोमनाथ साहू, जिला भाजयुमों के पूर्व अध्यक्ष नितेश साहू, युवा कांग्रेस नेता गुरदीप सिंह भाटिया सहित गुरुद्वारा श्री गुरूसिंह सभा के प्रधान महिंदर पाल सिंह,सचिव जी.एस. लांबा,हरमीत सिंह भाटिया,अरविंदर सिंह खुराना,दलप्रीत सिंह भाटिया, जितेंदर सिंह, सुखदेव सिंह, प्रिंस कब्बरवाल, गुरविंदर सिंह, अवतार सिंह रंधावा, सुरेन्दर सिंह कब्बरवाल, सतनाम कौर विरदी, मनिंदर सिंह, दुर्ग ट्रक मालिक संघ अध्यक्ष गुरदीप सिंह, इंदरजोत सिंह भाटिया, देवेन्दर सिंह भाटिया, भूपेन्दर सिंह, सहित सिक्ख समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### विश्व सैक्सोफोन दिवस पर आवाज एवं संगीतमय संध्या 6 को



**भिलाई।** ट्विन सिटी भिलाई के कला मंदिर में 6 नवंबर विश्व सैक्सोफोन दिवस के अवसर पर शाम 6.30 बजे से आयोजित साज की आवाज एवं संगीतमय संध्या में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र के प्रसिद्ध सेक्सफोनिस्ट सैक्सोफोन पर संगीतमय धुनों पर यादगार प्रस्तुति देंगे । ऑफिसर्स एसोसिएशन भिलाई इस्पात संयत्र एछत्तीसगढ़ मंच एवं दुर्ग सांस्कृतिक मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित साज की आवाज एवं संगीतमय संध्या में प्रसिद्ध सेक्सफोनिस्टो द्वारा सैक्सोफोन की धुन पर संगीतमय हंगामा एवं धमाल मचाएंगे। छत्तीसगढ़ मंच के संरक्षक कैलाश जैन बरमेचा, अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, सचिव तुलसी सोनी एवं गुलाब चौहान ने बताया कि म्यूजिक डायरेक्टर यश यदु टीम के नेतृत्व में भिलाई-दुर्गवासियों एवं संगीतप्रेमियों के लिए साज की आवाज में प्रसिद्ध सेक्सफोनिस्ट अनिल केमें, लिलेश कुमार, परेश लोखंडे, महाराष्ट्र, राजन वंशकार, मध्य प्रदेश प्रमोद केमे, आदर्श केमे अपनी हंगामेदार एवं यादगार प्रस्तुति से संगीतप्रेमियो का दिल जीतेंगे । कार्यक्रम का संचालन दुर्ग भिलाई के प्रसिद्ध मंच संचालक तुलसी सोनी करेंगे ।

## राज्योत्सव: स्टाल लगाकर दी जा रही सरकारी योजनाओं की जानकारी

# आंगनबाड़ी का नया स्वरूप: खेल और कहानियों से जीवन की बुनियादी सीख

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

छत्तीसगढ़ राज्य के 25वें स्थापना दिवस पर शहर में राज्योत्सव का माहौल है। इसी क्रम में पुराना गंज मंडी, गंजपारा दुर्ग में 2 से 4 नवंबर तक चार दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। राज्योत्सव के जरिए प्रशासन लोगों तक योजनाओं की जानकारी पहुँचाने और जनभागीदारी बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। कार्यक्रम स्थल पर 26 विभागों के स्टाल लगाए गए हैं, जिनमें वन विभाग, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सहित अन्य विभाग शामिल हैं। इन स्टालों के माध्यम से आम लोगों को शासन की योजनाओं, सेवाओं और लाभों की जानकारी दी जा रही है। लोग बड़ी संख्या में स्टालों पर पहुंचकर योजनाओं की जानकारी ले रहे हैं और आवेदन भी कर रहे हैं। स्टाल 26 में स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी, स्वसहायता समूहों के हस्तनिर्मित सामान आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। लक्ष्मी देशलहरे और मधु खरे ने बताया कि कोदो, कुटकी, कगनी, सावा, रागी पोहा, बाजरा पोहा, आटा, देशी खांड, घी, रागी चिप्स, रागी भुजिया, शहद, साबुन, अगरबत्ती आद उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई है। सभी आर्गेनिक है। जनपद पंचायत स्थित सी मार्ट में आम जनता के लिए सभी उत्पाद मौजूद है।

## पुराना गंज मंडी दुर्ग में 4 नवंबर तक चलेगा आयोजन



### हैदराबादी वन राजा को देखने उमड़ी भीड़



स्टाल क्रमांक 6 में पशुपालन और मछली पालन विभाग का स्टाल लगाया गया है। हैदराबादी वनराजा मुर्गा और रोड आईलैंड रोड मुर्गी लोगों के आकक्षण का केन्द्र बना हुआ है। डॉ. आरके गुप्ता प्रभारी उप संचालक पशुधन विकास विभाग दुर्ग और डॉ. डीडी झा अतिरिक्त उप संचालक ने बताया कि पशु पालकों के लिए उच्च नस्ल के हैदराबादी वनराजा मुर्गा, रोड आईलैंड नक्स की मुर्गी और जापानी बटेर पदर्शनी में रखा गया है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा एससी-एसटी के लोगों को 300 रुपए के अंशदान पर 45 नग चुजे और दाना उपलब्ध कराया जाता है। वहीं जनरल और ओबीसी कैटेगरी के लोगों को 750 रुपए अंशदान जमा कराने पर 45 नग चुजा प्रदान की जाती है। वहीं अंशदान जमा करने पर 80 नग बटेर दिया जाता है।

### राज्योत्सव में लगे स्टॉलों का विवरण

जिला पंचायत, महिला एवं बाल विकास विभाग, वन विभाग, कृषि उद्यानिकी विभाग, पशुपालन मत्स्यपालन विभाग, खाद्य विभाग, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, ट्रायबल विभाग, शिक्षा विभाग, नगरीय प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, आयुर्वेद विभाग, पुलिस विभाग, आर.टी.ओ. विभाग, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विभाग, समाज कल्याण विभाग, जन संपर्क विभाग, सिंचाई विभाग, सीएसईबी, लीड बैंक, लोक निर्माण विभाग, पीएचई विभाग, छ.रा. गृह निर्माण विभाग, रोजगार विभाग, स्किल डेवलपमेंट, श्रम विभाग, खनिज विभाग, उद्योग / खादी ग्रामोद्योग विभाग के स्टाल लगाए गए हैं।

### सीखते खेलते बचपन का मॉडल



महिला एवं बाल विकास विभाग का स्टॉल नंबर 03 खास आकर्षण बना हुआ है। यहां बदलती हुई आंगनवाड़ी की झलक देखने को मिल रही है, जिसमें यह दिखाया गया है कि किस तरह खेल, कहानियों और चित्रों के जरिए छोटे बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में काम किया जा रहा है। अजय कुमार साहू महिला एवं बाल विकास अधीकारी के अनुसार जीवन के शुरुआती छह वर्ष बच्चे के मस्तिष्क विकास के लिए सबसे अहम होते हैं। लगभग 90 प्रतिशत मस्तिष्क का विकास इसी अवधि में पूरा हो जाता है। इसी दौरान बच्चा व्यवहार करना, सोचने-समझने की क्षमता विकसित करना, सहयोग, अनुशासन, आज्ञापालन और सही-गलत की पहचान करना सीखता है। आंगनवाड़ी केंद्रों में इन बुनियादी गुणों को विकसित करने के लिए बच्चों को खेल, कहानी, रोल-प्ले और नाटक जैसे रोचक तरीकों से सिखाया जाता है। 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए 'शाला पूर्व अनौपचारिक शिक्षा' पर आधारित गतिविधियों को थीम के रूप में स्टॉल में प्रदर्शित किया गया है। प्रत्येक सोमवार से शनिवार तक आंगनवाड़ी केंद्रों में शारीरिक, बौद्धिक, सृजनात्मक और भाषायी विकास के लिए लगभग तीन घंटे की गतिविधियाँ कराई जाती हैं। उद्देश्य यही है कि बचपन में मिले सकारात्मक अनुभव आगे चलकर बच्चों के चरित्र, मूल्य और नैतिकता का आधार बनें।

## स्टॉल का भी किया निरीक्षण

# शिक्षा मंत्री यादव ने की योजनाओं की सराहना



राज्योत्सव के दौरान जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित विभागीय स्टॉल लगाए गए, जिनका अवलोकन मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, छ.ग.तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, नगर पालिक निगम दुर्ग महापौर अलका बाघमार, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, सुरेन्द्र कौशिक सहित स्थानीय व जिले के जनप्रतिनिधियों ने किया।

इन स्टॉलों के माध्यम से आम नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई एवं पात्र हितग्राहियों को लाभ भी प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिसमें टी.बी., सिकलिंग, हीमोग्लोबिन, आयुष्मान कार्ड, वय वंदन कार्ड, नेत्र परीक्षण, बीपी, शुगर जांच सहित सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है।

विद्युत विभाग द्वारा लगाए स्टॉल में पीएम सूर्यघर योजनांतर्गत घरों की छत पर सोलर रूफटॉप पेनल लगाकर किस तरह मुफ्त बिजली की ओर बढ़ा जा सकता है, इसमें पीएम सूर्यघर का मॉडल भी रखा गया है, जिससे उक्त योजना को भौतिक रूप से समझा जा सके। जल संसाधन विभाग द्वारा खरखरा जलाशय से शिवनाथ नदी तक पाईन लाईन द्वारा जलपूर्ति परियोजना को मॉडल बनाकर दर्शाया गया है।

# भूगर्भशास्त्र विभाग में एलुमनी धर्मेश का यूपीएससी में चयन

दुर्ग। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के भूगर्भशास्त्र विभाग से एमएससी की डिग्री प्राप्त धर्मेश देशमुख का चयन संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) नई दिल्ली द्वारा आयोजित जियो सांईटिस्ट परीक्षा 2025 में जियो लॉजिस्ट के पद पर हुआ है। धर्मेश को पूरे भारत में 10वां स्थान प्राप्त हुआ। भूगर्भशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. एसडी देशमुख ने बताया कि धर्मेश ने साईंस कालेज, दुर्ग से भूगर्भशास्त्र विषय लेकर 2018 में बी.एससी तथा 2020 में एम.एससी डिग्री प्राप्त की।

उन्होंने कुछ समय तक साईंस कालेज के भूगर्भशास्त्र विभाग में अतिथि प्राध्यापक के रूप में कार्य भी किया तथा दो बार जून 2024 में अखिल भारतीय स्तर पर 42वां रैंक के साथ तथा दिसम्बर 2024 में अखिल भारतीय स्तर पर 87वां रैंक के साथ सी.एसआईआर नेट परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके अलावा 2025 में अखिल भारतीय स्तर पर 93 वां रैंक के साथ गेट परीक्षा भी



उत्तीर्ण की। भूगर्भशास्त्र के प्राध्यापक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात धर्मेश की पोस्टिंग भारत में किसी भी स्थान पर जियो लॉजिस्ट के रूप में प्रथम श्रेणी अधिकारी के पद पर होगी। ग्राम टिकरी ब्लॉक गुण्डरदेही जिला -बालोद निवासी पन्ना लाल देशमुख एवं बुधवंतीन देशमुख के पुत्र धर्मेश देशमुख का आज साईंस कालेज, दुर्ग में भूगर्भशास्त्र विभाग द्वारा स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने धर्मेश की भूतपूर्व सफलता पर प्रसन्नता एवं बधाई दी।

# आरसीएस कॉलेज में एक दिवसीय मार्गदर्शन कार्यशाला



**दुर्ग।** सेठ आरसीएस महाविद्यालय के सभागार में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को प्रबंधन क्षेत्र की संभावनाओं, आवश्यक कौशलों एवं उद्योग की अपेक्षाओं के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया गया एवं वे स्नातक के बाद कौन-कौन से क्षेत्र में भविष्य बना सकते हैं उसके बारे में भी जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता डॉ अखिलेश सिंह यह जानकारी दी। इस कार्यक्रम में सेठ आरसीएस महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पूजा मल्होत्रा, कॉमर्स विभाग के एचओडी मनोज कुशवाहा डॉ. रानी शुक्ला, डॉ निधि मिश्रा, पवन दीप कौर एवं भागवत देवांगन ने अपनी उपस्थिति प्रदान की। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थिति रहे।

# विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन



**दुर्ग।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ समारोह का आयोजन किया गया। यह दिवस उनके विचारों को नये युग की चेतना से जोड़ने और उनके आदर्शों को कर्म में रूपांतरित करने का सामूहिक संकल्प प्रस्तुत करता है।

सरदान पटेल ने एक एकजुट, सशक्त और समृद्ध भारत का स्वप्न देखा था, जिसे उन्होंने अपने दूरदृष्टि से यथार्थ रूप प्रदान किया। उन्होंने यह विश्वास स्थापित किया कि भारत की शक्ति उसकी विविधता में निहित है, और यह विविधता तभी सशक्त बनती है जब वह एक साझा उद्देश्य और संवैधानिक ढांचे में संगठित हो। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए, समाज के सभी वर्गों के लोगों में एकता के संदेश को फैलाने के लिए विश्वविद्यालय में शपथ समारोह का आयोजन किया गया। विष्वविद्यालय के कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने राष्ट्रीय एकता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि यह अभियान सरदार पटेल के उसी स्वप्न को आधुनिक रूप है जहां हर राज्य हर नागरिक और हर संस्था राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में समान रूप से सहभागी बने। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थें।

## किन्नर समाज को मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य अभी बाकी

# किन्नरों को मुख्य धारा से जोड़ने का सार्थक प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के हिंदी विभाग द्वारा रूसा 2.0 योजना अंतर्गत व्याख्यान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय

- कालेज के हिंदी विभाग ने किया व्याख्यान का आयोजन

के प्राचार्य डॉ अजय कुमार सिंह ने कहा कि किन्नर समाज सदियों से भारतीय समुदाय का अंग रहा है पुराणों ग्रंथों में इनका वर्णन मिलता है, जो किन्नर के संघर्ष भावनाओं और समाज में उनके स्थान को दर्शाते हैं जो रूढ़ियों को तोड़ने, सामाजिक




स्वीकृति बढ़ाने और किन्नर समुदाय के लिए समाज वह सम्मान सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल देते हैं। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ अभिनेष सुराना ने कहा समस्त मानव समुदाय 21वीं सदी में प्रवेश कर चुका है। किन्नर समाज को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य अभी बाकी है इसे शिक्षा और संवेदनशीलता के माध्यम से ही जोड़ना संभव है । सामाजिक कार्यकर्ता एवं सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में विशेषज्ञ सदस्य रवीना बरिहा, कथाकार डॉ जया जादवानी, प्राचार्य डॉक्टर रिचा ठाकुर तथा महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ राकेश तिवारी डॉ अनुपम कश्यप, डॉ प्रीति टांक, डॉ अंबरीश त्रिपाठी, डॉ रजनीश उमरे, डॉ रमणी चंद्राकर, डॉ शारदा सिंह, डॉ लता गोस्वाम, शोधार्थी अतुल केसरवानी, टेकलाल निराला, कपिल, बेलमती पटेल, निर्मला पटेल, लक्ष्मीन तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ ओमकुमारी देवांगन ने व आभार प्रदर्शन डॉ रजनीश उमरे ने किया।

### पूर्वाग्रह से ग्रसित है समाज का बड़ा हिस्सा

हमारे समाज का एक बड़ा हिस्सा पूर्वाग्रह से ग्रसित होने के कारण इस समुदाय को घृणा से देखता है यही कारण है कि इस समुदाय के जीवन का संघर्ष समाप्त नहीं हो रहा है यह समुदाय अपने अस्तित्व का युद्ध लगातार लड़ रहा है उनके इस युद्ध का अंत निकटतम समय में होना आवश्यक है। लेकिन मन और मस्तिष्क संकीर्णता से बंधे हैं ।

# कामधेनु विवि में ली राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ



**दुर्ग।** दाऊ श्रीवासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। प्रतिवर्श 31 अक्टूबर को भारत के लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में यह दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और सौहार्द की भावना को सुदृढ़ बनाए रखना है।

इस अवसर पर कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह, कुलसचिव डॉ. बीपी राठिया, अधिष्ठाता डॉ. संजय शाक्य, निदेशक शिक्षण डॉ. एस पॉल, उपकुलसचिव अधिष्ठाता मात्सिकी महाविद्यालय प्राध्यापक डॉ. एमके गेंदले, जनसंपर्क अधिकारी डॉ. दिलीप चैधरी, डॉ. मीनू दुबे, डॉ. सुभाष वर्मा, डॉ. ओपी दीनानी, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राओं ने राष्ट्र के प्रति एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने हेतु शपथ ली।

कुलपति ने सरदार पटेल के विषय में बताते हुए कहा कि उन्होंने स्वतंत्र एवं अखंड भारत के निर्माण में अपार योगदान दिया। उनका जीवन हमें एकता और देश भक्ति का संदेश देता है। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रों हैं, हमें उनके आदर्शों को अपना कर देश की एकता और विकास में योगदान देना चाहिए।

## खबर संक्षेप



### मोदी का अभिनंदन किया प्रदेश मंत्री वर्मा ने

**पाटन।** छत्तीसगढ़ की गौरवशाली स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित भव्य राज्योत्सव में इस वर्ष का मुख्य आकर्षण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन और नवनिर्मित विधानसभा भवन का उद्घाटन रहा। इसी दौरान मंच पर प्रधानमंत्री मोदी की प्रदेश के मंत्री जितेंद्र वर्मा से आत्मीय मुलाकात और बातचीत ने विशेष ध्यान आकर्षित किया। दोनों नेताओं के बीच प्रदेश के विकास, युवाओं के रोजगार, और जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर सौहार्दपूर्ण चर्चा हुई। प्रधानमंत्री के साथ वर्मा ने अपनी यह तस्वीर सोशल मीडिया में साझा की है।

### गातापार से साहू समाज में सर्वाधिक प्रतिनिधित्व







**जामगांव आर।** तहसील साहू समाज चुनाव 31 अक्टूबर 2025 को संपन्न हुआ जिसमें प्रचंड बहुमत से गातापार निवासी लालेश्वर साहू, पाटन तहसील साहू समाज के अध्यक्ष चुने गए। चंद दिनों पूर्व परिक्षेत्रीय साहू समाज बेलहारी का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें गातापार के ही टेसराम साहू पुनः परिक्षेत्रीय साहू समाज बेलहारी का अध्यक्ष निर्वाचित हुए। और परिक्षेत्रीय साहू समाज बेलहारी का उपाध्यक्ष श्रीमती लता साहू गातापार निवासी ही निर्वाचित हुई। विदित हो कि तहसील स्तरीय चुनाव में लालेश्वर साहू की नेतृत्व वाली सामाजिक एकता पैनल के सभी सदस्य निर्वाचित हुए।

### निधन

#### डॉ. जगदीश प्रसाद गुप्ता



**भिलाई।** 49/11 नेहरू नगर पश्चिम निवासी भूतपूर्व रिटायर्ड सेक्टर 9 अस्पताल डॉ. जगदीश प्रसाद गुप्ता का आकस्मिक निधन 31 अक्टूबर को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 3 नवंबर को दोपहर 2 बजे उनके निज निवास से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अपने पीछे अपना भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

#### विनोद कुमार नासिरकर



**भिलाई।** हुडको एमआईजी-1/327 निवासी विनोद कुमार नासिरकर का आकस्मिक निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान से दोपहर 2 बजे 3 नवंबर को रामनगर मुक्ति धाम के लिए निकलेगी। वे रितेश कुमार नासिरकर के चाचा थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

# छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर 101 पौधों का किया रोपण

## युवा भारत एवं तर्पण मुक्तिधाम पर्यावरण सेवा संरक्षण परिषद के संयुक्त तत्वावधान में की गई पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामुल

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में युवा भारत एवं तर्पण मुक्तिधाम पर्यावरण सेवा संरक्षण परिषद के संयुक्त तत्वाधान में शिवपुरी जामुल वार्ड क्रमांक 17 स्थित तर्पण वाटिका में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फलदार वृक्ष आम,जामुन, बादाम व बरगद,पीपल,कदम आदि 101 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी एवं पर्यावरण प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में अध्यक्ष सरस बर्मन ने अपने उद्बोधन में कहा "वृक्ष हमारी पृथ्वी का सबसे बड़ा धरोहर हैं। जब तक वृक्ष सुरक्षित हैं, तब तक हमारा जीवन सुरक्षित है। हमें अपने प्रत्येक पर्व को प्रकृति से जोड़कर मनाना चाहिए ताकि आने



वाली पीढ़ियाँ भी स्वच्छ और हरित वातावरण में जीवन जी सकें।"

वहीं खिलेंद्र साहू स्वच्छता दूत नगर पालिका परिषद जामुल "वृक्ष केवल पर्यावरण नहीं, बल्कि जीवन का आधार हैं। हमें युवाओं को इस दिशा में प्रेरित करना होगा कि हर स्थापना दिवस, हर जन्मदिन और हर शुभ अवसर पर पौधा लगाना हमारी संस्कृति बने।"

इस अवसर पर युवा भारत,तर्पण मुक्तिधाम पर्यावरण सेवा सरंक्षण परिषद,अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन वाय.डी.सी. के सदस्यगण धर्मेंद्र वर्मा, कैलाश निर्मलकर, सोनू पटेल, कृष्ण यादव, संतोष साहू, ओमप्रकाश साहू, सोहन साहू, रामचंद्र साहू, रामनारायण साहू, टिकेश्वर साहू, मेघांशु चौधरी, अनिल चौधरी व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरडुग, लुकेश्वर साहू शिक्षक शासकीय प्राथमिक विद्यालय शिवपुरी जामुल, महेश साहू आरक्षक, मनोज देवांगन, सतीश साहू, गोपी निषाद आदि सदस्य उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने अधिक से अधिक वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। यह आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस को हरित उत्सव के रूप में मनाने का प्रेरणादायी उदाहरण रहा।

## अनोखी पहल : संत रामपाल महाराज आश्रम की पहल

# अन्नपूर्णा मुहिम ने थाम लिया गरीब व मजबूर परिवार का हाथ, मिल रही मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

संत रामपाल महाराज द्वारा 'रोटी, कपड़ा, शिक्षा, चिकित्सा और मकान हर गरीब को दे रहा कबीर भगवान' इस नारे घोष के मानवीय सहायता की जा रही है। इसके अंतर्गत दुर्ग जिला के पाटन ब्लॉक में दो परिवारों को एक माह का राशन सामग्री के साथ साथ कपड़ा एवं अन्य जरूरत का सामान उपलब्ध कराया गया।

जिसमें पहला परिवार ग्राम कोपेडीह से मनदयाल शर्मा का परिवार है जिसमें पत्नी के अलावा चार मासूम बच्चे का पालन पोषण की जिम्मेदारी थी, बता दें कि मनदयाल हार्ट पेशेंट है जिनका इलाज एम्स रायपुर में जारी है। जिस कारण से अकेले परिवार में कमाने वाले होने के कारण परिवार में राशन पानी एवं मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने की समस्या आन पड़ी ऐसे समय में जगतगुरू तत्वदर्शी संत रामपाल महाराज जी द्वारा पूरे भारत में चलाए गए अन्नपूर्णा मुहिम के तहत इस परिवार का हाथ थामा और प्रथम बार 3 अक्टूबर 2025 को राशन सामान के साथ साथ बच्चों के लिए कपड़े, बर्तन, कॉपी, पेन, स्कूल बैग, जूता, तख़त, गद्दा, चादर, कंबल, कुकर, पंखा, एवं गैस सिलेंडर रिफिल कर

**गरीबी के दुष्चक्र से निकालने जुटे हैं भक्तगण**





प्रदान की किया गया था। पुनः 31अक्टूबर 25 को दूसरी बार इस परिवार को एक माह का राशन सामान के साथ इनकी पत्नी के लिए दो जोड़ी साड़ी एवं अन्य जरूरी समान प्रदान किया गया। इसी प्रकार ग्राम जामगांव एम दूसरा परिवार श्रीमती आशा रात्रे, पत्नी स्व. राकेश रात्रे को चौथी बार राशन सामग्री एवं बच्चों के लिए आवश्यक समान दिए गए। इससे पूर्व तीन बार इस परिवार को संत रामपाल महाराज द्वारा मदद की जा चुकी है। बता दें कि राकेश रात्रे का निधन हो गया है जो किडनी की गंभीर बीमारी से पीड़ित थे और डायलिसिस पर थे इस परिवार का भी गुजर-बसर करना बहुत ही कठिन हो रहा था। तब संत रामपाल की अन्नपूर्णा मुहिम इस परिवार का सहारा बनी और पहली बार 5 अगस्त को मदद की गई थी।

यह जानकारी संत रामपाल महाराज के शिष्य खेमेंद्र साहू, राम नरेश महतो, मुकेश सिन्हा, कौशल यादव, अर्जुन, राजकुमार, महेंद्र, गीताराम, सेवक और महेश ने दी। शिष्यों ने बताया कि इस मुहिम से संबंधित यू ट्यूब चैनल ₹अन्नपूर्णा मुहिम₹ नाम से चैनल बना हुआ है जिसमें जाकर संत रामपाल महाराज द्वारा किए गए सेवा की सारी जानकारी देख सकते है। साथ ही यह भी बताया गया जिन परिवारों की आज मदद की गई है यह तब तक जारी रहेगी जब तक इन परिवारों की स्थिति सामान्य नहीं हो जाती या परिवार में कोई काम करने लायक नहीं हो जाता चाहे ये मदद की सेवा इन परिवारों को आजीवन ही क्यों न करनी पड़े यह निःशुल्क सेवा जारी रहेगी।

# शिक्षक फेडरेशन ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

छत्तीसगढ़ सहायक / समग्र शिक्षक फेडरेशन, पाटन द्वारा हाल ही में पदभार ग्रहण करने वाले पाटन के विकासखंड शिक्षा अधिकारी डालेंद्र कुमार देवांगन का स्नेहपूर्वक स्वागत किया गया। इस अवसर पर फेडरेशन के जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा एवं ब्लॉक अध्यक्ष चेतन सिंह परिहार के नेतृत्व में देवांगन को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

स्वागत कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष चेतन सिंह परिहार ने कहा कि देवांगन के नेतृत्व में पाटन विकासखंड में शिक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ एवं पारदर्शी होगी। उन्होंने संघ की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी डालेंद्र कुमार देवांगन ने शिक्षक फेडरेशन के आत्मीय स्वागत के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि शिक्षक समुदाय के साथ मिलकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। छत्तीसगढ़ सहायक/समग्र शिक्षक फेडरेशन पाटन प्रतिनिधि मंडल ने विकास खंड शिक्षा अधिकारी से चर्चा में दिवंगत शिक्षकों के बीमा और अनुकम्पा नियुक्ति आदि प्रकरण का निराकरण, पुनिरिक्षित वेतनमान के एरीयर्स से वंचित शिक्षकों का भुगतान, समस्त शिक्षकों के सर्विस बुक का कोष एवं लेखा,स्थानीय संपरीक्षा से संधारण आदि ब्लॉक स्तरीय विषय पर बात रखी। इस अवसर पर संघ के प्रतिनिधिमंडल में उपाध्यक्ष खेलावन सिंह कुर्रे, सचिव राजकुमार बघेल, सलाकार दानेश्वर प्रसाद वर्मा, चिंताराम भारद्वाज, किशोर कुर्रे एवं अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# कुर्मी समाज की बैठक में कृष्ण कुमार को ग्राम प्रमुख की दी गई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

मनवा कुर्मी समाज पाटन राज के निर्देशन मे ग्राम इकाई रेंगाकठेरा का बैठक में समाजिक संगठन की मजबूती और समाजिक गतिविधियों के सफल संचालन के लिए नये पदाधिकारियों का चयन सर्व सम्मति से किया गया। जिसमें ग्राम प्रमुख की जिम्मेदारी कृष्णकुमार बिजौरा, उपाध्यक्ष रमानाथ बिजौरा, सचिव बुद्धदेव वर्मा, सहसचिव दीपक वर्मा, युवा अध्यक्ष दीपक बिजौरा और महिला अध्यक्ष रीना बिजौरा को सौपी गई। पाटन राज प्रधान युगल आडिल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई के साथ केंद्र द्वारा पारित प्रस्ताव की जानकारी देते हुए बताया कि प्री वैडिंग शूट पर रोक लगाने के अलावा अनिवार्य सदस्यता शुल्क मे बदलाव हुआ है साथ ही राज प्रधान और केंद्रीय अध्यक्ष का चुनाव एक साथ कराए जाने का प्रस्ताव पारित हुआ है। इस वर्ष राज अधिवशन पाटन राज का 8 फरवरी को निर्धारित हुआ है।बैठक मे राज मंत्री केदार कश्यप, क्षेत्र प्रधान उदयकरण बिजौरा, सुखित वर्मा, श्याम लाल, मनोज वर्मा,यशवंत वर्मा,मनहरण,नंदू वर्मा,आत्मा राम वर्मा,तिलक वर्मा,बसंत वर्मा,नकुल बिजौरा,अनिल वर्मा,रामस्वरूप, छन्नू वर्मा, धनुष वर्मा ,मोहन ,शत्रुहन वर्मा और शगुन वर्मा उपस्थित थे।



■ रेंगाकठेरा की बैठक में सामाजिक संगठन की मजबूती और गतिविधियों के सफल संचालन के लिए नये पदाधिकारियों का चयन

## रजत जयंती आयोजन में हितग्राहियों को मिले चेक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

छत्तीसगढ़ राज्य में रजत जयंती वर्ष पर्व पर नगर पंचायत कार्यालय सहित सभी शासकीय दफ्तरों मे रोशनी-सजावट के साथ जनपद पंचायत में हितग्राहियों को चेक वितरित किया गया।

छत्तीसगढ़ महतारी चौक में भी रोशनी की गई। सुबह 9 बजे दुर्ग सांसद विजय बघेल एवं प्रदेश भाजपा मंत्री जितेंद्र वर्मा ने छत्तीसगढ़ महतारी के मूर्ति पर माल्यार्पण कर पूजा की। इस अवसर नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले की बेटी डोशिका भाले को छत्तीसगढ़ महतारी बनाकर धान की बाली एवं परिधान के साथ पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर सभापति केवल देवांगन, देवेन्द्र ठाकुर, उपाध्यक्ष निशा सोनी, मंडल अध्यक्ष रानी केशव बन्छोर, महामंत्री अखिलेश मिश्रा, सुरेन्द्र वर्मा, गंगा दीन साहू, योगेश सोनी, जितेंद्र निर्मलकर, चन्द्र प्रकाश देवांगन, विमल देवांगन, सागर, सोनी, आदित्य, सावणी, घनश्याम, सोनी नगर पंचायत के अधिकारी हेमंत वर्मा एवं कर्मचारी सहित नागरिक उपस्थित थे।

# क्रिकेट प्रतियोगिता में होली क्रॉस ने रेडिएंट को दी मात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

टर्मिनेटर इंटरनेशनल क्रिकेट एकेडमी के तत्वाधान में टर्मिनेटर विप्रा स्कूल चैंपियंस ट्रॉफी सीजन-5 में रविवार को 6 टी-20 मैच खेले गए। राज्य की इस सबसे बड़ी स्कूली क्रिकेट प्रतियोगिता में 32 स्कूलो के मध्य कुल 56 टी-20 मैच खेले जाएंगे। रविवार के प्रथम मैच में रेडिएंट वे स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। रेडिएंट वे स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में केवल 79 ही रन बनाये। रेडिएंट स्कूल के तरफ से बल्लेबाजी करते हुए अर्पित चंद्राकर ने सर्वाधिक 21 रन एवं अथर्व चतुर्वेदी ने 12 रनों का योगदान दिया। हॉली क्रॉस कापा स्कूल के तरफ से गेंदबाजी करते हुए तन्मय मंधानी व आर्यन यादव ने 2-2 विकेट प्राप्त किया । जवाब में 80 रनो के लक्ष्य का पिछा करते हुए हॉली क्रॉस कांपा स्कूल की टीम ने 5.4 ओवर इस लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। हॉली क्रॉस स्कूल के तरफ से बल्लेबाजी में चेतन देवांगन ने 53 और वंश बैस ने 19 रनो का योगदान दिया। यह मैच हॉली क्रॉस कांपा स्कूल ने 10 विकेट से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच चेतन देवांगन रहे। प्रतियोगिता में दूसरे मैच में हॉली हार्ट्स एजूकेशनल एकेडमी स्कूल ने स्वामी आत्मानंद स्कूल को 61 रनो से हराया। प्रतियोगिता के तीसरे मैच में रेडिएंट वे स्कूल ने लिटिल फ्लावर स्कूल को 5 विकेट से हराया। चौथे मैच में ज्योति विद्यालय चरोदा ने रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल को 8 विकेट से शिकस्त दी। पांचवें में कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना ने ज्ञान सरिता स्कूल रायपुर को 10 विकेट से हराया। छठवें मैच में कृष्णा पब्लिक स्कूल भिलाई ने सेंट मैरी स्कूल को 204 रनो से पराजित किया।

■ क्रिकेट प्रतियोगिता में मैन ऑफ द मैच रहे चेतन

## श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन

# जन्म-कर्म भूमि के विकास में सकारात्मक भूमिका निभाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

लूणी बाई केला फ्रंट परिसर जामगांव आर में आयोजित श्री मद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस रविवार को भागवत आचार्य पंडित हरीश चतुर्वेदी ने श्री कृष्ण की बाल लीला, दहीलूट, 56 भोग और रास प्रसंग की जीवंत झांकी सहित मंत्र मुग्ध संसगीत व्याख्यान किए। भक्त मुग्ध विभोर होकर झूमते रहे। मीठालाल चंपालाल, बद्रीनारायण राजू, सुभाष, रमेश सागर, प्रकाश हर्ष और उज्वल केला ने सराहनीय प्रबंधन किए। जगदलपुर, कांकेर, कोरर, भानुप्रतापपुर, गुण्डरदेही, बेलहारी, जामगांव आर और भरर आदि स्थानों के भागवत भक्तों ने आचार्य श्री का स्वागत किया। मातृशक्ति ने एक सा परिधान धारण कर समूह में भागवत भगवान की भक्ति की। इस दौरान आचार्य श्री ने कहा कि आपकी



उन्नति प्रगति में जन्म भूमि और कर्म भूमि की विशेष योगदान होती है। जन्म भूमि और कर्म भूमि के विकास में महती भूमिका निभाना चाहिए। केवल स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर केवल भारत माता की जय बोल देने से काम नहीं चलेगा। भारत माता को परम वैभव दिलाने यथायोग्य कर्तव्य निर्वहन करना चाहिए। भारतीय संस्कृति संस्कार पर्यावरण स्वच्छता भाईचारा आदि सभी आयामों में स्व स्फूर्त सकारात्मक भूमिका निभाना चाहिए।




आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# उद्यानों को संवारने में जुटा निगम, समूह निभा रहा है जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उद्यानों को संवारने का कार्य किया जा रहा है। उद्यान विभाग के नियमित एवं प्लेसमेंट कर्मचारियों के माध्यम से उद्यानों में साफ सफाई एवं ग्रास कटिंग कार्य की जा रही है।

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू द्वारा मैत्री विहार उद्यान, मधुकामिनी उद्यान, राशि उद्यान, जिम उद्यान, सेक्टर 1 स्थित विवेकानंद उद्यान, पानी टंकी उद्यान, विजय पार्क, सेक्टर 02 तालाब उद्यान, सेक्टर 5 स्थित शहिद उद्यान, सिविक सेंटर ट्रैफिक पार्क, सेक्टर 06 धोबी घाट स्थित उद्यान, सेक्टर 7 तालाब उद्यान, सड़क 9 उद्यान, अंडर ब्रिज उद्यान, प्रियदर्शनी परिसर स्थित सुभाष चंद्र बोस उद्यान, शिव मंदिर उद्यान, गुलमोहर उद्यान,विवेकानंद उद्यान, नेहरू नगर स्थित भेलवा तालाब उद्यान, भारत माता उद्यान, मिलेनियम उद्यान, गांधी उद्यान, अशोक उद्यान, महाराणा प्रताप उद्यान, बख्शी उद्यान, मधु कामिनी उद्यान, कुसुम कानन उद्यान, हुड़को स्थित सुभाष उद्यान, परी उद्यान, अमृत मिशन उद्यान, खुर्सीपार स्थित मिलावट पारा उद्यान, बापूनगर उद्यान, कुरूद स्थित अमृत मिशन उद्यान, हाउसिंग बोर्ड उद्यान, एवं अन्य उद्यानों में ग्रास कटिंग के साथ-साथ साफ-सफाई का कार्य कराया जा रहा है। उद्यानों में प्रतिदिन आस-पास के स्थानीय नागरिक एवं बच्चे प्रातः भ्रमण एवं टहलने आते हैं। सुविधाओं को देखते हुए उद्यानों में हरा-भरा करने के साथ ही रखरखाव का कार्य किया जा रहा है। पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित करने एवं वायु गुणवत्ता में सुधार हेतु महिला स्व-सहायता समूहो के माध्यम से वृक्षारोपण कार्य कराया जा रहा है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना वूमेन फॉर ट्री योजना अंतर्गत रोपित 12500 पौधों का देखरेख महिला स्व सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है। पौधों का देखरेख एवं रखरखाव का कार्य निरंतर वर्ष भर जारी रहेगा । आसपास के वातावरण को बेहतर बनाने के लिए आम नागरिकों से अपील है पौधों को लगाने एवं देखरेख में नगर पालिक निगम भिलाई का सहयोग करें। सेक्टर 3 अंतर्गत बीटीआई ग्राउंड में महिला स्व सहायता समूह द्वारा रोपित पौधों को कुछ असमाजिक लोगों द्वारा नुकसान पहुंचाया जा रहा है । पौधों को नुकसान पहुंचाने वालों की पहचान की जा रही है, कृत में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होगी। भिलाई शहर का नाम सुव्यवस्थित बसाहट एवं हरियाली के कारण पूरे भारतवर्ष में जाना जाता है, पहले से लगाए हुए पेड़ धीरे-धीरे नष्ट होते जा रहे हैं अतः हमें सावधान होने की जरूरत है। हमें नए पौधों का रोपण कर देखरेख करना होगा, हम सभी को अपना जिम्मेदारी समझना होगा ।

### पर्यावरण संरक्षण का है मकसद



## खबर संक्षेप



### सतर्कता जागरुकता रैली निकली

**भिलाई।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत भिलाई इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग द्वारा इस्पात भवन से इक्विपमेंट चौक तक 'वॉकथॉन' का आयोजन किया गया। निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने वॉकथॉन को झंडी दिखाकर रवाना किया। ईडी एस. मुखोपाध्याय, एके चक्रवर्ती, प्रवीण निगम, पवन कुमार, बीके गिरी, राकेश कुमार, पीके सरकार, अरुण कुमार सहित संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारी, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के सदस्य, खेल, सांस्कृतिक व नगर सेवाएं विभाग के लोग उपस्थित थे।

### पीएम आवास के निर्मित मकानों के लिए आज लॉटरी

**भिलाई।** प्रधानमंत्री आवास योजना के ''मोर मकान-मोर आस'' घटक अंतर्गत किरायेदारी के रूप में निवासरत बेघर परिवारों को 3 नवंबर को लॉटरी के माध्यम से आवास आबंटन किया जाएगा।



शासन से प्राप्त दिशा-निर्देशानुसार वरिष्ठ नागरिकजनों एवं दिव्यांगजनों को प्राथमिकता देते हुये प्राथमिकता के आधार पर भूतल में निर्मित आवासों का लॉटरी द्वारा आबंटन किया जाना है। वरिष्ठ नागरिकजन एंव दिव्यांगजन से पर्याप्त मात्रा में आवेदन प्राप्त नहीं होने की स्थिति में जो आवेदकगण वरिष्ठ या दिव्यांगजन नहीं है, उन्हे भी वरियता के आधार पर भूतल के आवासों को लॉटरी के माध्यम से आवास आबंटन किया जाना है । सभी आवेदकों को 10 प्रतिशत अंशदान राशि निगम कोष में जमा कराकर भूतल के आवासों की लाटरी में शामिल हो सकेंगे।

## कब्जा करने वाले कई अधिकारी दुर्ग जिला के बाहर व अनेक रिटायर हो चुके

# टाउनशिप के बड़े आवासों में काबिज हैं शासन के बड़े अफसर, प्रधानमंत्री से की शिकायत

### सेफी ने प्रधानमंत्री से की थर्ड पार्टी आवंटन निरस्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी टाउनशिप में बड़े आवासों में वर्षों से छग शासन के अधिकारियों के कब्जे को लेकर बीएसपी और सेफी ने एक बार फिर उच्च स्तर पर प्रयास शुरू कर दिया है। इस बार सीधे प्रधान मंत्री से शासन के अफसरों के कब्जे खाली कराने की मांग की गई है। ताकि बीएसपी अधिकारियों को मकान मिल सके और बीएसपी को रेवेन्यू का नुकसान भी न हो ।

सेफी और ओए ने पीएम से मांग की कि 1 नवम्बर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद रायपुर राजधानी बनने से भिलाई टाउनशिप के मकानों के आबंटन के लिए राज्य शासन के अधिकारियों और कर्मचारियों की होड़ सी लगी हुई है। बीएसपी के बहुत से बड़े मकानों में शासन के उच्च अधिकारी सालों से काबिज हैं। इनमें छत्तीसगढ़ सरकार के ऐसे अधिकारी शामिल हैं, जो वर्तमान में दुर्ग जिले में पदस्थ और बड़ी संख्या में ऐसे भी हैं जिनका दूसरे जिलों में स्थानांतरण हो चुका है। शासन के कई अधिकारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं उसके बाद भी वे बीएसपी के बड़े मकानों पर अपना कब्जा जमाए बैठे हैं। इन अधिकारियों के रसूख के आगे सेल व बीएसपी प्रबंधन बेबस हो चुका है। शासन के अधिकारियों के कब्जे के चलते सेल अधिकारियों को अपने ग्रेड के अनुरूप बेहतर आवास प्राप्त नहीं हो पा रहे हैं। इन कब्जों को जल्द खाली करवाने के लिए उच्च स्तरीय प्रयास की आवश्यकता है।



### सुंदरता व अराजक तत्वों से मिलेगी निजात- बंछोर



टाउनशिप में काबिज कई नेताओं और अधिकारियों ने बीएसपी क्वार्टरों का विस्तार कुछ इस प्रकार से किया है कि वे जीवन पर्यंत उस पर काबिज रहेंगे और बाद में उनका परिवार रहेगा । यह मकान राष्ट्रीय सम्पत्ति है और ये टैक्स दाताओं के धन से बनी सम्पत्ति है। प्रभावशाली व्यक्तियों के द्वारा राष्ट्रीय सम्पत्ति और संसाधनों के मनमाने दुरूपयोग को रोकना राज्य और केन्द्र शासन की जिम्मेदारी है। इस मामले में प्रधानमंत्री कार्यालय से पत्राचार मकानों की सूची के साथ किया गया है।श्री बंछोर ने बताया कि सेफी व ओए-बीएसपी भिलाई को पुनः स्वच्छ, सुरक्षित और सुंदर बनाने के लिए अपने प्रयासों को तेज करेगा तथा भिलाई नगर को अराजक तत्वों से बचाने के लिए हर संभव प्रयास करेगा।

### सेक्टर 9,10 व 32 बंगला परिसर में अधिक कब्जे

बीएसपी टाउनशिप के सेक्टर-5, 9, 10 और 32 बंगला में अत्याधिक संख्या में बड़े मकानों में शासकीय अधिकारियों और पूर्व जनप्रतिनिधियों का कब्जा है। सेफी व बीएसपी ओए अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर ने बताया किबीएसपी के अधिकारी छोटे मकानों में रहने के लिए बाध्य हैं। सेफी ने मांग रखी है कि बीएसपी के अधिकारियों को उनकी वरियता के अनुरूप मकान प्रदान किया जाये। इसके लिए लंबे समय से थर्ड पार्टी अलाटमेंट के द्वारा दिए बड़े मकानों के आबंटन का पुनरावलोकन किया जाना चाहिए और सभी सेवानिवृत्त और स्थानांतरित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों का आबंटन रद्द किया जाना चाहिए।

# शराब भट्ठी के विरोध में एफआईआर के बाद आप नेता सहित अन्य ने ली जमानत

### 17 प्रदर्शनकारियों पर हुई थी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

खुर्सीपार के वार्ड 51 शिवाजी नगर में देशी-विदेशी शराब दुकान के विरोध के मामले में खुर्सीपार थाने में आम आदमी पार्टी के नेता जसप्रीत सिंह और स्थानीय महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। जैसे ही इसकी जानकारी उन्हें हुई वो महिलाओं के साथ वहां पहुंचे, उसके बाद मुचलके पर थाने से अपनी जमानत ली।

उल्लेखनीय है कि यह वही आंदोलन है जिसमें स्थानीय महिलाओं के साथ मिलकर जसप्रीत सिंह ने लगातार 13 दिनों तक धरना देकर शराब दुकान को खुलने नहीं दिया था। प्रदर्शन का मुख्य कारण यह था कि रिहायशी इलाके में शराब दुकान खुलने से मोहल्ले में अशांति और असुरक्षा बढ़ रही थी। पुलिस ने इस मामले में जसप्रीत सिंह समेत 17 लोगों पर धारा 126(2), 189(2), 221, 224 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया था। इनमें शंकर, तिलक चपले, रवि जयपाल, रिक्की शर्मा, सरिता सिंह, अनीता नायर, ममता, श्रवण अंसारी, सोनू बेगम, लाल सागर, अभिजीत शुक्ला, आरती वर्मा, अख्तर, अमजद अली, भागवत साहू सहित अन्य शामिल थे। सभी को पुलिस ने जमानत पर छोड़ा है।

# दिव्यांग यूरिनल में लटका है ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



कलेक्टोरेट दुर्ग में दिव्यांग महिलाओं और ट्रांसजेंडरों के लिए बनाया गया प्रसाधन शो पीस बनकर रह गया है। पिछले लंबे समय से यह तीनों यूरिनलों में ताला जड़ा हुआ है। इस कारण संबंधितों को असुविधा और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दिव्यांग सगठनों ने जल्द यूरिनलों की सफाई कर इन्हें उपयोग में लाने की मांग नगर निगम कमिश्नर से की है। गौलतलब हो कि तीन चार साल पूर्व शासन के नियमों के तहत जिला न्यायालय व कलेक्टोरेट परिसर में दिव्यांग महिलाओं और ट्रांसजेंडरों के लिए स्टील के केबिननुमा तीन यूरिनल स्थापित किए गए थे। जिला अभियोजक कार्यालय भवन गली के किनारे एक यूरिनल दिव्यांग महिलाओं और दो अन्य यूरिनल ट्रांसजेंडरोक के लिए हैं। तीनों तीन वर्गों के नाम भी लिखे हैं। लेकिन सभी यूरिनलों में शुरु से ताला लगा हुआ है। इसके चलते दिव्यांग महिलाओं व ट्रांसजेंडरों को यूरिन जाने के लिए भटकना पड़ रहा है। दिव्यांग संगठनों ने नगर निगम दुर्ग के कमिश्नर को ज्ञापन देकर जल्द तीनो यूरिनलों का ताला खुलवाकर नियमित साफ सफाई करवाने की मांग की है। बताया है कि यहां जिला भर से रोज कई दिव्यांग महिलाएं यहां कामकाज के लिए आती हैं।

# छग स्थापना के रजत जयंती पर निकली साइकिल रैली



भिलाई। बीएसपी साइक्लिंग क्लब, साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ एवं बीएसपी सायकल पोलो क्लब ने फिट इंडिया मुहिम के तहत छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के रजत जयंती के अवसर पर 36वें सप्ताह साइकिल रैली निकाली

राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे राज्य में रजत जयंती पर भारतीय खेल प्राधिकरण भारत सरकार द्वारा संचालित फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम का बीएसपी साइक्लिंग क्लब, साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ एवं बीएसपी सायकल पोलो क्लब के संयुक्त तत्वावधान मे भिलाई का 36वां संस्करण आयोजित किया गया। रैली बीएसपी ओए प्रगति भवन से शुरू हुई, रैली में 75 बच्चों के साथ बीएसपी साइक्लिंग क्लब, बीएसपी सायकल पोलो क्लब एवं साइकिलिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भी भाग लिया।

### रैली में यह हुए शामिल

बीएसपी साइक्लिंग क्लब के अध्यक्ष एवं ओए अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर एवं बीएसपी साइकिलिंग पोलो क्लब एवं ओए बीएसपी के पूर्व महासचिव परविन्दर सिंह के नेतृत्व में साइकिलिंग की गई। रैली में विनायक चन्नावर, पूर्व सीजीएम एस. नंदनवार, कोषाध्यक्ष तोषेन्द्र कुमार वर्मा, सचिव दुर्ग जिला साइकल पोलो एसोसिएशन शशांक देशमुख, साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ दुर्ग डिस्ट्रिक्ट के सचिव देवप्रकाश वर्मा, एनआईएस कोच प्रतीक मनोध्या, साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ दुर्ग के सदस्य शशिकांत पांडे, बीएसपी सीएसआर जीएम शिवराजन नायर आदि उपस्थित थे।

# मां सारदा स्कूल को मिली बाउंड्रीवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी के सीएसआर विभाग द्वारा फील परमार्थ फाउंडेशन सेक्टर 3 और मां सारदा पब्लिक स्कूल सेक्टर 9 परिसर में बाउंड्रीवाल निर्माण किया गया। फील परमार्थ में बाउंड्रीवाल को बीएसपी के सीजीएम राजीव महेंद्रु ने जीएम शिवरासन नायर व एजीएम अपर्णा चंद्रा व उपप्रबंधक केके वर्मा सहित कर्मियों की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में दोनों संस्थाओं को हस्तांतरित किया। बाउंड्री पूर्ण होने पर हस्तांतरण प्रमाण पत्र दिया गया। राजीव कुमार ने बीएसपी का सामाजिक पहल की सराहना करते हुए कहा कि मां सारदा पब्लिक स्कूल के सुचारु प्रबंधन, परिसर की स्वच्छता और उच्च शैक्षणिक स्तर प्रशंसनीय है। उन्होंने विद्यालय के समग्र विकास के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र की ओर से हर संभव सहयोग करने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम का संचालन तुषार सिंह ने किया। इस अवसर पर ओए अध्यक्ष एनके बंछोर स्कूल के डायरेक्टर पवन कुमार व जीएम पीके डे आदि उपस्थित थे। अतिथियों ने फील परमार्थम द्वारा गरीब दिव्यांगों के लिए किए जा रहे सेवा भाव के कार्यों को सराहा।

# राज्योत्सव में बीएसपी का पैवेलियन बना आकर्षण का केंद्र, मिली सराहना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ डायरेक्टर इंचार्ज महापात्र ने किया अवलोकन

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव में भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा स्थापित आकर्षक पैवेलियन ने लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

1 से 5 नवम्बर तक नवा रायपुर में आयोजित सांस्कृतिक महोत्सव में बीएसपी की प्रस्तुति अपनी विशिष्ट पहचान दर्ज करा रही है। विभिन्न शासकीय विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों एवं संस्थानों के साथ भिलाई इस्पात संयंत्र ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के हैंगर-2 में स्थित पैवेलियन संख्या 13 में उपलब्धियों और योगदान को प्रदर्शित किया है।

कार्यक्रम में बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज चितरंजन महापात्र सहित महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी, महाप्रबंधक प्रशान्त तिवारी, एजीएम जवाहर बाजपेयी, उप प्रबंधक शालिनी चौरसिया सहित जनसंपर्क विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित थे ।

पेवेलियन की थीम में "पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के प्रति सतत प्रतिबद्धता के साथ ग्रीन स्टील उत्पादन की दिशा में किये गए प्रयास को प्रदर्शित किया गया है। इसके अलावा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों पर केंद्रित है, जिसमें ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण तथा परिधीय एवं जनजातीय क्षेत्रों में बाल कल्याण के क्षेत्र में बीएसपी के सतत प्रयासों को प्रदर्शित किया गया है। राष्ट्र निर्माण में बीएसपी के योगदान व देश के बुनियादी ढांचे और रक्षा क्षेत्र में योगदान को दर्शाया गया है। भारतीय नौसेना के विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत, अन्य युद्धपोतों तथा उपग्रह प्रक्षेपण यान हेतु उच्च गुणवत्ता वाले इस्पात की आपूर्ति का उल्लेख किया गया है।




## पांच साल से लंबित है सेल के हजारों कर्मचारियों के 39 महीने के एरियर्स का भुगतान

# लंबित एरियर्स का जल्द भुगतान नहीं होने पर मय ब्याज के लिए होगा दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल के हजारों कर्मचारियों के करोड़ों रुपए के लंबित एरियर्स का उच्च प्रबंधन द्वारा अब तक भुगतान नहीं किया गया है। इससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है। जल्द भुगतान की मांग को लेकर यूनियनों ने प्रबंधन पर दबाव बढ़ाना शुरू कर दिया है। यूनियनों द्वारा कर्मियों के लंबित एरियर्स का शीघ्र भुगतान नहीं होने पर इस पर मय ब्याज दावा ठोकने की चेतावनी दी है।

■ बीएसपी सहित सेल कर्मचारियों का मामला

उल्लेखनीय है कि बीएसपी सहित सेल के पचास हजार से अधिक कर्मचारियों का 39 महीने का एरियर्स पिछले सात साल से बकाया है। श्रमिक संगठनों द्वारा सतत मांग व कई बार आंदोलन करने के बाद भी सेल प्रबंधन द्वारा अब तक लंबित राशि का भुगतान नहीं किया गया है। इसकी वजह सेल कर्मियों के वेतन समझौता का अपूर्ण होना है। यूनियनों के मुताबिक समझौता की विसंगतियों को प्रबंधन द्वारा अब तक दूर नहीं किया गया है। दिल्ली में वेतन समझौता को लेकर हुई बैठक में एनजेसीएस यूनियनों ने लंबित एरियर्स भुगतान की मांग की थी। इस पर प्रबंधन ने जल्द भुगतान का आश्वासन भी दिया था। लेकिन पांच साल बाद भी 39 महीने के एरियर्स का भुगतान नहीं हुआ है। एटक के महासचिव विनोद कुमार सोनी ने बताया कि प्रबंधन से जल्द भुगतान की मांग गई है यदि जल्द ही भुगतान नहीं किया गया तो 39 महीने के एरियर्स पर ब्याज की मांग की जाएगी।



### सेवानिवृत्तों को हो सकता है नुकसान

हजारों सेल कर्मचारियों का वर्ष 2017 से एरियर्स लंबित होने से उन कर्मियों को नुकसान हो सकता है जो इस दौरार रिटायर हो गए हैं। एरियर्स भुगतान को हरी झंडी मिलने पर सेवानिवृत्त कर्मियो को कम राशि मिलने के आसार हैं। वहीं सेल में मेन पावर निरंतर कम होने और यूनियनों के जानकार वरिष्ठ नेताओं के भी रिटायर होने से एरियर्स भुगतान को लेकर उच्च प्रबंधन पर भरसक दबाव नहीं बन पाएगा। प्रबंधन ने यूनियनों को दरकिनार कर एकतरफा अल्प सालना बोनस दे दिया है। पिछले चार साल में दस प्रतिशत कर्मचारी रिटायर हो चुके हैं।

### पहली बार बहुमत से हुआ समझौता

पांच साल पूर्व सेल कर्मियों के वेतन समझौता संबंधी हुई एनजेसीएस की बैठक समझौता ही नहीं बल्कि प्रबंधन के निर्णय को भी यूनियनों ने अवैधानिक बताया था। बैठक में सेल के इतिहास में पहली बार उच्च प्रबंधन द्वारा सर्वसम्मति की परिपाटी को छोड़कर बहुतमत के आधार पर वेतन समझौता एग्रीमेंट किया गया था। इस परंपरा का विरोध करते हुए सीटू और बीएमएस ने एमओयू पर हस्ताक्षर नहीं किए थे। इसके बाद इंटक, एटक व एचएमएस यूनियन ने भी एकमत से विरोध कर समझौता की विसंगतियों को दूर कर 39 महीने के एरियर्स व भत्ते आदि की मांग को लेकर कई बार धरना प्रदर्शन किया था।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, सोमवार 3 नवंबर 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

02



एक भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश देने लगाई दौड़, किया जागरुक

## लाइव इवेंट

### भारत की एकता व अखंडता को बनाए रखने की शपथ, रंगोली और पोस्टर प्रेजेंटेशन भी





■ भारती समूह की संस्थाओ मे मना राष्ट्रीय एकता दिवस

**भिलाई।** स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती और एकता दिवस के अवसर पर जातिगत भेदभाव निवारण समिति तथा शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में शपथ ग्रहण, रैली, रंगोली तथा पोस्टर प्रेजेंटेशन का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के विद्यार्थियों एवं प्रभारी गोल्डी सिंह राजपूत और संयुक्ता पाढ़ी खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग द्वारा आयोजित पद यात्रा में भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं भारत की एकता व अखंडता को बनाए रखने की शपथ ली। इस दौरान सरदार पटेल के सपनों के भारत के निर्माण का संकल्प लेकर जागरुरता रैली निकाली जिसमें एक भारत श्रेष्ठ भारत, सरदार पटेल का एक ही सपना,अखंड भारत हो अपना, तथा अनेकता में एकता के नारे लगाए। रंगोली एवं पोस्टर प्रेजेंटेशन जिसका शीर्षक सरदार वल्लभभाई पटेल के सपनों का भारत-समानता और सौहार्द्र था जिसमे विद्यार्थियों ने कलात्मकता का परिचय देते हुए सजीव पोस्टर बनाये।

कार्यक्रम की संयोजक महाविद्यालय की उपप्राचार्या डॉ. अजरा हुसैन ने कहा कि ऐसे आयोजन से विद्यार्थियों के अंदर कलात्मक प्रतिभा का विकास होता है सात ही दिए गए शीर्षक से अनेकता में एकता जैसी भावना का भी विकास होती है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. हंसा शुक्ला ने पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए कहा कि थीम बेस प्रतियोगिता से विद्यार्थियों की आंतरिक कला तथा एकता के भाव से कार्य करने की प्रवृत्ति का विकास होता है। कार्यक्रम में जातिगत भेदभाव निवारण समिति से मोनिका मेश्राम, तोशन चंद्राकर और यशपाल का सहयोग रहा। आभार व्यक्त डॉ. अभिलाषा शर्मा सहायक प्राध्यापिका द्वारा दिया गया।



## सिटी इवेंट

### भिलाई की बेटी सुरक्षा बत्रा ने पूरी के मंच पर बिखेरे नृत्य के रंग, जीता नेशनल अवार्ड

**भिलाई।** भिलाई की नन्ही नृत्यांगना सुरक्षा बत्रा ने अपनी अद्भुत नृत्य प्रतिभा से राष्ट्रीय स्तर पर शहर का नाम रोशन किया है। पूरी में आयोजित राष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता (नेशनल डांस कॉम्पिटिशन) में सुरक्षा ने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी निर्णायकों और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपनी लयबद्ध अदाओं और भावपूर्ण अभिव्यक्ति से उन्होंने न सिर्फ मंच को जीवंत कर दिया बल्कि देशभर से आए प्रतिभागियों के बीच सब जूनियर वर्ग में नेशनल अवार्ड जीतकर भिलाई का मान बढ़ाया।





■ नेशनल डांस कॉम्पिटिशन में सुरक्षा ने सब जूनियर वर्ग में जीता अवार्ड

प्रतियोगिता के दौरान जब सुरक्षा ने पारंपरिक और आधुनिक नृत्य शैलियों का अनोखा संगम प्रस्तुत किया, तो पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। निर्णायक मंडल ने उनकी नृत्य कला, भावाभिव्यक्ति और आत्मविश्वास की खुलकर सराहना की।सुरक्षा बत्रा, भिलाई के प्रसिद्ध चार्टर्ड अकाउंटेंट राहुल बत्रा और डॉ नेहा बत्रा की पुत्री हैं। आयोजन समिति ने न केवल सुरक्षा को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया, बल्कि उनकी माता को भी मंच पर बुलाकर बेटी की सफलता में उनकी प्रेरणादायी भूमिका के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया।कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए सैकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। आयोजन समिति ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य भारत की समृद्ध नृत्य परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुँचाना और बाल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान करना है।सुरक्षा ने पुरस्कार प्राप्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए प्रेरणा का स्रोत है और वे भविष्य में अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व करना चाहती हैं। उनकी सफलता से न सिर्फ उनका परिवार, बल्कि पूरा भिलाई गर्व से गौरवान्वित है।

● रंगोली से सजे घर-आंगन मंदिरों और घरों में भगवान विष्णु सहित अन्य देवी-देवताओं को जगाने का आयोजन

# घंटा और शंखनाद कर श्री हरि को जगाया, गन्ने के मंडप में तुलसी व शालीग्राम के विवाह की निभाई रस्में, हुई मांगलिक कार्यो की शुरुआत

ट्विनसिटी में देवोत्थानी एकादशी या छोटी दिवाली रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। पिछले चार महिने से योग निद्रा में रहे श्री हरि को घंटा और शंखनाद की ध्वनि कर जगाया और गोधुली बेला में गन्ने का मंडप सजाकर माता तुलसी का श्रृंगार कर और शालीग्राम देव के साथ विवाह की रस्में निभाई। जिसके साथ ही गृहप्रवेश, मुडंन और विवाह जैसे मांगलिक कार्यो की शुरुआत हो गई है। 2 नवंबर रविवार को द्वादशी युक्त एकादशी होने पर वैष्णव संप्रदाय सहित सभी घरों और मंदिरों में भक्तों ने व्रत रखकर विधि विधान के साथ पूजन अर्चन करके श्रीहरि विष्णु सहित विभिन्न देवी देवता योग निंद्रा से जगाए। विभिन्न देवालयों और सनातन धर्मावलंबियों ने घरों में बड़ी ही श्रद्घा के साथ धार्मिक अनुष्ठान हुए। देर शाम शंख, झालर, घंटा व घड़ियाल की आवाज गूंजती रही। घर में दीपक रखकर पटाखे फोड़े गए। देव प्रबोधनी एकादशी की शनिवार ैर रविवार दोनो ही दिन जबरदस्त धूम रही। सुबह से ही वातावरण में उमंग व उत्साह का माहौल रहा।

**भिलाई।** देव श्री हरि के जागने के बाद दूध, दही, घी, शहद, शर्करा और पंचामृत आदि दृव्यों से श्रीजी का अभिषेक हुआ। फिर मंत्रोच्चर के बीच उनको गंगाजल से स्नान कराया गया। शाम को गन्ने का सुंदर मंडप बनाकर श्रीहरि के पद चिह्न अंकित किए गए। इस आकर्षक मंडप में श्रीहरि विष्णु के साथ अन्य देवता विराजमान हुए। फिर बड़े ही श्रद्घाभाव से भगवान को नयी सब्जियां, फल, फूल, मिष्ठान आदि चढ़ाए गए। इसके बाद तुलसी से भगवान शालिकराम का विधिपूर्वक विवाह हुआ। पूजन पश्चात श्रीहरि विष्णु की भव्य आरती उतारकर भक्तगणों ने बेहतर भविष्य के लिए प्रार्थना की। मंदिरों में महिलाओं की टोली ने भजन कीर्तन किए और पुरुषों ने बाकायादा पूजन करके प्रसाद चढ़ाया। इस अवसर का धर्मलाभ लेने के लिए भक्तों ने व्रत भी रखा। पूजन उपरान्त उन्होंने प्रसाद गृहण किया। रात्रि में श्रद्धालुओं ने दीपक रखकर अपने घर के कोने कोने जगमग कर दिया। फिर दीपावली की तरह आतिशबाजी की गयी।





### बाजारों में रही रौनक

देवोत्थानी ग्यारस को लेकर विभिन्न बाजारों में जबरदस्त रौनक दिखायी दी। जगह - जगह लगी गन्ने की दुकानों पर लोग खरीददारी करते हुए नजर आए। सब्जियों व फलों की दुकानों पर भी खरीददारों का तांता लगा रहा। कई मार्गों के दोनों ओर फूल की दुकानें देर शाम तक सजी रहीं। कमल के फूल की लोग खूब खरीददारी करते देखे गए। सनातन विद्वानों के अनुसार सनातन धर्मावलंबियों के लिए देवोत्थानी एकादशी का बहुत अधिक महत्व है। अषाढ़ महीने में जब सूर्य कर्क राशि पर आते हैं तो वर्षा ऋतु प्रारंभ हो जाती है। इस दिन श्रीहरि विष्णु क्षीर सागर में योग निंद्रा को चले जाते हैं और विवाह सहित विभिन्न शुभ कार्य बंद हो जाते हैं। वहीं कार्तिक महीने की देव प्रबोधनी (देवोत्थानी) एकादशी पर भगवान विष्णु योग निंद्रा से जागते हैं और विवाह आदि शुभ कार्य प्रारंभ हो जाते हैं। सनातन धर्म के लिहाज से यह दिन बेहद शुभ होता है।

### ऋषभ ग्रीन सीटी पुलगांव, में रंगोली प्रतियोगिता



भिलाई। देवउठनी ग्यारस के शुभ दिन ऋषभ ग्रीन सिटी वेलफेयर सोसाइटी ऋषभ ओनेक्स एवं हाई टावर के संयुक्त तत्वावधान में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलोनी से लगभग 40 से 50 लोगों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। रंगोली प्रतियोगिता की थीम पर्यावरण संरक्षण एवं हमारी संस्कृति पर दी गई थी। थीम के अनुसार सभी ने एक से बढ़कर एक रंगोली बनाकर पार्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सभी प्रतिभागियों नें अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। कॉलोनी वासियों ने प्रतिभागियों के कला की सराहना की। रंगोली प्रतियोगिता के पहले वर्ष कार्यक्रम प्रभारी मनोज गुप्ता, सह प्रभारी मुकेश राठी थे। ऋषभ ग्रीन सिटी वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष राजकुमार गांधी, सचिव साकेत मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह राजपूत एवं कोषाध्यक्ष विजय तापड़िया की टीम द्वारा सभी विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। आयोजन में निर्णायक की भूमिका कृष्णा नायक, मधु ने निभाई। कार्यक्रम में कॉलोनी वासियों ने बढ़ चढ़कर इस आयोजन का आनंद लिया और सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूनम राठी, द्वितीय अनुष्का भूतड़ा और तृतीय स्थान ज्योति राजपूत ने प्राप्त किया। सभी विजय प्रतिभागियों को समिति के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सोसाइटी के सदस्य काफी संख्या में उपस्थित थे।



# तुलसी ग्यारस पर निशान लेकर की पदयात्रा, किये श्याम बाबा के दर्शन



**भिलाई।** तुलसी ग्यारस बड़ी ग्यारस के अवसर पर श्री श्याम मंदिर दुर्ग में दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। इस दिन सुबह 8 बजे से ही लोग पद यात्रा करते हुए निशान लेकर मंदिर पहुंचे। मंदिर समिति के किशोरी लाल सिंघानिया ने बताया कि निशान लेकर पहुंच रहे लगभग 2000 लोगों ने स्वल्पाहार प्रसादी ग्रहण की। शाम 6 बजे तक लगभग पचास हजार लोगों के मंदिर पहुंचे और श्याम बाबा का दर्शन किये। रात 12 बजे तक भक्तों ने कतारबद्ध होकर बाबा के दर्शन किये। इस अवसर पर कलकत्ता से पधारे भजन गायको द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर काफी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

## दीपक जीवन में अंधकार से उजाले की ओर बढ़ने का देता है संदेश



**भिलाई।** नवीन उज्जवल महिला महाराष्ट्र मंडल के तत्वावधान में सुन्दर नगर गार्डन में दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सभी सदस्याओं दवरा दीप प्रज्वलवित कर बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ की गई।

मंडल अध्यक्ष नीलू लिमेश ने सभी सदस्यों को दिपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपक जला कर हम जीवन में अंधकार से उजाले की ओर बढ़ने का संदेश देते है। सभी का जीवन दीपों की तरह प्रकाशित और जगमगाता रहे। इस अवसर पर सभी बुराइयों को भूलकर अच्छाई को ग्रहण करने और घर की धुरी महिलाएं सदैव अपने अच्छे व्यवहार से घर व समाज को जगमगाती रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सुषमा ठोसर, वीणा देशपांडे, ऊषा तलमले, नंदा पांडे, राखी साहू, किरण शिरेकर, भारती नंदनवार, मंदा वासनकर, विनीता गुलहाने, संध्या कापसे, प्रवीणा कापसे, सुषमा मुलतकर सहित अन्य सदस्याएं उपस्थित रही।

## सीएसवीटीयू राज्यस्तरीय योगासन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग

# योग भारतीय संस्कृति की आत्मा, तकनीकी छात्रों ने योगासन में संतुलन और एकाग्रता का किया अद्भुत प्रदर्शन

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय सीएसवीटीयू भिलाई के तत्वावधान में एकीकृत राज्यस्तरीय योगासन क्रीड़ा प्रतियोगिता का एक दिवसीय आयोजन शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक महाविद्यालय रायपुर में किया गया। जिसमें प्रदेशभर के इंजीनियरिंग, पॉलीटेक्निक एवं फार्मेसी महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में महिला और पुरुष वर्ग के प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन विधाओं में अपने कौशल का प्रदर्शन किया। सभी विजेता खिलाड़ी अखिल भारतीय एवं अंतर-विश्वविद्यालय योगासन प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी गोविंद अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि योग भारतीय संस्कृति की आत्मा है। इसे जीवन का हिस्सा बनाना न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक संतुलन और आत्मिक शांति के लिए आवश्यक है। विश्वविद्यालय द्वारा तकनीकी विद्यार्थियों में योग को बढ़ावा देना एक सराहनीय पहल है।

कार्यक्रम में उपस्थित साहित्यकार रूचि वर्मा ने कहा कि योग मनुष्य को अनुशासित, धैर्यवान और सकारात्मक बनाता है। विद्यार्थी जीवन में योगाभ्यास आत्मनियंत्रण और एकाग्रता का सबसे प्रभावी माध्यम है।





### योगासन विधाओं में कौशल का प्रदर्शन


प्रतियोगिता में महिला और पुरुष वर्ग के प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन विधाओं में अपने कौशल का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल ने तकनीकी दक्षता, संतुलन, प्रस्तुति और अनुशासन के आधार पर विजेताओं का चयन किया। कार्यक्रम के समापन सत्र में विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को अतिथियों दवरा ट्रॉफी और प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय चयन समिति द्वारा यश देशाले आरसीईटी भिलाई, तोषानी साहू बीआईटी दुर्ग, आदर्श सिंह, डुमेश कुमार रायपुर, प्रदीप कुमार केंवट रायगढ़, कलश चंद्रवंशी बिलासपुर, सूर्यप्रकाश शुक्ला बिलासपुर, सीमा पटेल रायपुर, स्नेहा गुप्ता रायपुर, खुशी रायपुर, इतिशा लहरे रायपुर, साक्षी, पल्लवी वर्मा, रूपाली साहू, बिलासपुर, लावण्या रायपुर का सीएसवीटीयू विश्वविद्यालय योगासन टीम के लिए चयन किया गया, जो आगामी अखिल भारतीय एवं अंतर-विश्वविद्यालय योगासन प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### खिलाड़ियों को किया प्रोत्साहित

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय खेल निदेशक किशोर कुमार भारद्वाज और वरिष्ठ खेल अधिकारी कोंडल राव उपस्थित रहे। दोनों ने ही संयुक्त रूप से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सीएसवीटीयू विद्यार्थियों के बौद्धिक, शारीरिक और मानसिक विकास के लिए निरंतर खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन कर रहा है। प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक पुरुषोत्तम रात्रे, कोच एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अनीता वर्मा और वरिष्ठ खेल अधिकारी डॉ. मेजर सिंह शामिल रहे। प्रतियोगिता के आयोजन में सचिव खेल अधिकारी हेमंत चंद्रवंशी और प्राचार्य प्रो. वर्षा चौरसिया ने व्यवस्था संभाली थी।

## सिटी लाइव

# गायक संजय की गजलें छाई इंटरनेट पर, मिली सराहना



**भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड सेल नई दिल्ली में महत्वपूर्ण पदों पर रहे गायक, संगीतकार एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े कलाकार संजय सिंह की गाई गजलें सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर धूम मचा रही हैं। इसके साथ ही संजय सिंह पाडकास्ट के क्षेत्र में भी सक्रिय हैं। मशहूर शायर सरफ़राज़ मक़दम की लिखी गजल 'इश्क' को संजय सिंह ने गाया और संगीतबद्ध भी किया है। 'इश्क' शीर्षक से जारी गजलों के इस एल्बम की शूटिंग उत्तराखंड स्थित जिम कॉर्बेट के पास एक रिसोर्ट में की गई है। इंटरनेट पर उनकी इन गजलों को खूब पसंद किया जा रहा है। गजल 'इश्क' के बारे में संजय सिंह ने बताया कि इसके लिखने वाले मशहूर शायर सरफ़राज़ मक़दम दक्षिण अफ्रीका के एक बड़े व्यापारी होने के साथ-साथ स्क्रिप्ट राइटर भी है। इसी तरह संजय सिंह की एक और गजल 'बचपन' भी तारीफ बटोर रही है। शिब्ली आजाद की लिखी इस गजल में बचपन की यादें और ग्रामीण जीवन को उकेरा गया है। इसके अलावा संजय सिंह ने एक पॉडकास्ट के सीरीज की शुरुआत की है , जिसमे वे बॉलीवुड की बड़ी हस्तियों पर बात कर रहे हैं। उनका ऐसा पहला पॉडकास्ट महान गायक मुकेश पर हुआ है जिसे लोगों ने खूब पसंद किया है। हाल ही में संजय सिंह को संयुक्त राष्ट्र संघ के संगठन यूनिसेफ ने विशिष्ट मान्यता प्रमाण पत्र एवं शील्ड से भी सम्मानित किया है।

## सिटी इवेंट

# छुट्टियों में बच्चों ने सीखा सॉफ्ट स्किल, मिले प्रमाण पत्र



**भिलाई।** सैय्यदी मदरसा एकता नगर भिलाई-तीन में दशहरा-दीपावली की स्कूली छुट्टियों के दौरान अनूठी पहल की गई। यहां बच्चों के लिए सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग और करियर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को इफेक्टिव कम्युनिकेशन, टीमवर्क, क्रिएटिविटी, लीडरशिप, टाइम मैनेजमेंट और क्रिटिकल थिंकिंग पर एडवांस ट्रेनिंग दी गई और विभिन्न गतिविधियों के जरिए बच्चों को व्यवहारिक तौर पर इन विषयों को समझाया गया। मदरसा संचालन समिति की ओर से मोहम्मद उमर सिराजी ने बताया कि प्रशिक्षण पूरा करने वाले सभी बच्चों को समापन पर सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इसके पहले मदरसे में प्रशिक्षण देते हुए रुमैशा अहमद ने बच्चों को बताया कि सॉफ्ट स्किल का तात्पर्य उन गुणों और योग्यताओं से है जो बताते हैं कि कोई व्यक्ति काम और व्यक्तिगत जीवन में दूसरों के साथ कैसे बातचीत करता है और चुनौतियों से निपटता है। यह तकनीकी या व्यावसायिक कौशल जैसे हार्ड स्किल्स से अलग होते हैं। इसी तरह मोहम्मद सोहेल सिराजी ने यहां बच्चों की करियर काउंसलिंग की। जिसमें उन्हें भविष्य के अवसरों की तैयारी के लिए विशेष जानकारी दी गई। मौलाना साबिर रजा ने बच्चों को उर्दू-हिंदी में भाषण देने का कौशल सिखाया। जिसमें उन्होंने विषय का चयन, मंच पर बोलने का आत्मविश्वास और सही उच्चारण पर विशेष जोर दिया। प्रशिक्षण सत्र के समापन पर बच्चों को प्रमाण पत्र दिए गए। छुट्टियों ने विशेष प्रशिक्षण लेने वाले बच्चों में फरहत परवीन, आबिदा कौसर, अलीशा अंजुम, गौसिया फातिमा, स्वालिहा बानो, मोहम्मद आदिल हुसैन, अब्दुल रूहान, अलीजा अंजुम, कहकशां बानों, समायरा अंजुम, नफीस अहमद, मोहम्मद जीशान, फरहान फैजल, मुहम्मद फवाज चिश्ती, मोहम्मद शाद, अल्तमश शेख, फरहान अख्तर, मोहम्मद अंसब खान, अर्शी खान, अनम हक, मोहसिना फातिमा, अब्बास रजा, जरीन फातिमा, अर्सलान फातिमा, आफरीन निसां, अदा खान, रेहान सिद्दीकी, मोहम्मद आहान, आयत फातिमा, नौशीन अंसारी, दानिस्ता अंजुम, हुसैन कुरैशी, मोहम्मद हुनैन, मोहम्मद शोएब और मोहम्मद इरफान शामिल हैं।

■ मदरसे में करियर काउंसलिंग हुई और भाषण कला भी सिखाई

## सिटी इवेंट

# व्यापरियों ने किया प्रधानमंत्री का अभिनंदन जीएसटी 2.0 से सशक्त होगा स्वदेशी भारत



**भिलाई।** 25वें छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर पर भिलाई चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ के सदस्यों व व्यापारियों ने रायपुर पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी का उत्साह के साथ स्वागत किया और उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए जीएसटी 2.0 सुधारों, जीएसटी स्लैबों का सरलीकरण और व्यापार-सुगमता के लिए बदलाव लाने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर छग चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ के महामंत्री अजय भसीन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ये सुधार न केवल वित्तीय व्यवस्था को सरल बनाएंगे, बल्कि छोटे व्यापारियों, उपभोक्ताओं और राज्य-अर्थव्यवस्था के सामान्य नागरिकों को राहत पहुंचाएंगे। उन्होंने आगे बताया कि छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर व्यापरियों के लिए आगे की योजनाओं को साकार करने के लिए प्लान कर रहे हैं। इसके अंतर्गत उन्होंने यह निर्णय लिया कि भिलाई चेम्बर, 19 दिसंबर को आयोजित होने वाले “भिलाई गौरव दिवस” से पूर्व, विभिन्न बाजारों में जाकर आम जनता एवं उपभोक्ताओं को स्वदेशी अपनाने का संदेश देंगे और इस प्रकार जागरूकता बढ़ाएंगे। इस अवसर पर भिलाई चैंबर अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्रा, चेयरमैन दिनकर बसोतिया, सुनील मिश्रा, राजेश शर्मा, मनोज आहूजा, नवीन वर्दानी, निरंकार सिंह, सुमन कन्नौजे, विकास जायसवाल, चिन्ना राव, अखराज ओस्तवाल आदि उपस्थित थे।

● श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर सेक्टर-6 में सिद्ध चक्र महामंडल विधान पूजन में उमड़ा भक्तों का सैलाब

# त्रिवेणी जैन तीर्थ में आचार्य विद्यासागर महाराज के चरण चिन्ह स्थापित, भक्तों ने किया महामस्तकाभिषेक

**भिलाई।** श्री त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर-6 में रविवार को भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। 1008 पार्श्वनाथ भगवान के महामस्तकाभिषेक और सिद्ध चक्र महामंडल विधान पूजन में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आचार्य 108 श्री विद्यासागर महाराज की शिष्या, 105 दुर्लभमति माताजी के अमृत वचनों के बीच शांति धारा और भक्ति आराधना का आयोजन हुआ।





### विधान मंडप में भक्तों ने सिर पर थाल सजाकर पूजन द्रव्य अर्पित किए

पूजन में प्रतिष्ठाचार्य पारस जैन के साथ शांति धारा का सौभाग्य अनिल-उषा जैन, ज्ञानचंद-ललिता बाकलीवाल, रजनीश जैन, प्रशांत जैन, भारत जैन, दीपक जैन, जिनेंद्र जैन, राजीव जैन, डॉ. जिनेंद्र जैन, ऋषभ जैन, सुनील जैन, मुकेश जैन, राकेश जैन, नीरज जैन, क्षितिज जैन, विमल छाबड़ा और कई श्रद्धालुओं को प्राप्त हुआ। विधान मंडप में भक्तों ने सिर पर थाल सजाकर पूजन द्रव्य अर्पित किए। वैशाली नगर, ध्रुव, रुवाबांदा, दुर्ग, रिसाली और राजनांदगांव सहित क्षेत्र के जैन मंदिरों के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### पूज्य 105 दुर्लभमति माताजी के अमृत वचनों से गूंजा मंदिर परिसर

इस अवसर पर पूज्य 105 दुर्लभमति माता ने आशीर्वचन में कहा कि भिलाई त्रिवेणी जैन तीर्थ में भक्तों का सैलाब देखकर लगता है मानो पारसनाथ भगवान स्वयं धरती पर अवतरित हुए हों। यह सब भक्तों की पुण्य आराधना का प्रताप है। माता ने सुयश परिवार के निवेदन पर रुवाबांदा दिगंबर जैन मंदिर समिति के अनुरोध को भी स्वीकृति दी। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा आचार्य विद्यासागर महाराज के अष्टधातु चरण चिन्हों की स्थापना। पूज्य माताजी के मंगल आशीर्वाद और मंत्रोच्चार के बीच इंद्र दंपति अनिल और उषा जैन ने अहिंसा परमो धर्म के जयघोष के साथ चरण चिन्ह स्थापित किए। इस आयोजन में कजोडमल जैन, अरविंद जैन, दिनेश जैन, कमल जैन, डॉ. जिनेंद्र जैन, अजीत जैन, मनित जैन, जितेंद्र जैन, ज्ञानचंद जैन, अनुपम जैन, महावीर जैन, प्रवीण छाबड़ा, निर्मल जैन, संजीव जैन समेत बड़ी संख्या में जैन समाज के सदस्य, महिला मंडल और युवक मंडल उपस्थित थे।

आत्मानंद उद्यान व खेल परिसर मरोदा सेक्टर में कार्यक्रम

# स्वामी आत्मानंद की प्रतिमा का किया गया अनावरण, प्रभंजय के भजनों से सजी शाम



**भिलाई।** स्वामी आत्मानंद उद्यान और खेल परिसर मरोदा सेक्टर में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के साथ ही छत्तीसगढ़ के महान संत, शिक्षाविद व समाज सुधारक स्वामी आत्मानंद के प्रतिमा का अनावरण का आयोजन स्वामी आत्मानंद प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ी कूर्मि क्षत्रिय समाज भिलाई नगर, मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज भिलाई नगर एवं मरोदा मित्र मंडल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भजन गायक प्रभंजय चतुर्वेदी के भजन संध्या से हुई। स्वामी आत्मानंद के प्रतिमा का अनावरण दुर्ग सांसद विजय बघेल द्वारा किया गया। मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज दुर्ग राज के राज प्रधान ईश्वरी वर्मा, पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, स्वामी आत्मानंद प्रतिष्ठान छग के अध्यक्ष नरेन्द्र बंछोर, संयोजक केशव बंछोर, मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज भिलाई अध्यक्ष कोमल धुरंधर, कूर्मि क्षत्रिय समाज भिलाई अध्यक्ष संतोष पाटनवार, कुर्मी क्षत्रिय महिला समाज अध्यक्ष अनिता वर्मा, शैलेंद्र साहू, सनीर साहू, विजय बंछोर और जानकी रामैया प्रमुख रुप से उपस्थित थे। नरेन्द्र बंछोर ने स्वामी आत्मानंद के जीवन, उनके प्रेरणाप्रद विचारों पर प्रकाश डाला। कोमल धुरंधर ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवनी का सारांश बताया। ईश्वरी वर्मा ने स्वामी आत्मानंद के सेवाभावी विचारों को बताया। मुख्य अतिथि विजय बघेल ने दोनों महापुरुषों को याद करते हुए कहा कि हम प्रतिमा स्थापित करते हैं तो तनिक भी उनके राह का अनुसरण कर पाएं तो प्रतिमा स्थापित करने का उद्देश्य पूरा हो जाए। अंत में संयोजक केशव बंछोर ने उद्यान का नामकरण से प्रतिमा अनावरण तक के बातों को और उद्देश्य को बताते हुए उपस्थित जनसमूह व अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन छत्तीसगढ़ी कूर्मि क्षत्रिय समाज व मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज भिलाई के उपाध्यक्ष आत्माराम नायक व मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज भिलाई के महासचिव राजेश वर्मा ने किया। समारोह में चंद्रकुमार वर्मा, सुधीर खिचरिया, जनकराम वर्मा, अजय वर्मा, श्रीमती रूपा वर्मा, सुनंदा चंद्राकर, सुविता धवस, डॉ. सीमा साहू, अरुणी वर्मा, बबिता चौधरी, माधुरी खिचरिया, संध्या वर्मा, विधी यादव, ईश्वरी साहू, सरिता देवांगन, प्रेमलाल पिपरिया, रीना देशमुख, अनिता धुरंधर, अर्चना धुरंधर, अनामिका सिंगसार्वा, डॉ गिरधर चंद्रा, वैजयंती वर्मा, कृतराम मढ़रिया सहित सैकड़ों सामाजिक जन उपस्थित थे।



## आयोजन

# एक भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश देने लगाई दौड़, किया जागरुक



**भिलाई।** भारती आयुर्वेद महाविद्यालय और दुर्ग पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवनी और उनके योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर रन फॉर यूनिटी, पौधरोपण एवं स्वच्छता अभियान, सामुदायिक पुलिसिंग , डाक्यूमेंट्री प्रदर्शन एवं सोशल मीडिया जागरूकता प्रसार सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर एक भारत - श्रेष्ठ भारत का संदेश दिया। इस दौरान क्विज कॉम्पटीशन का भी आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में भारती विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सुशील चंद्राकर, संचालक शालिनी चंद्राकर, जय चंद्राकर, प्रभजोत सिंह भुई, प्राचार्य डॉ. मनस रंजन होता, उप प्राचार्य डॉ. अमिया भोंसले, स्वाति पांडे विशेष रूप से उपस्थित रहे । इस अवसर पर सुशील चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल आधुनिक भारत के सम्राट अशोक है, एकीकृत आधुनिक भारत को बनाने का श्रेय उन्हे ही जाता है। आज के युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए। प्राचार्य एवं उप प्राचार्य ने छात्रों को राष्ट्रहित में सक्रिय योगदान देने की बातें कही। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों ने राष्ट्रीय एकता संदेश “देश एक, हम एक” की प्रतिज्ञा ली। इसके अतिरिक्त भारती विश्वविद्यालय में लाइफ साइंस विभाग के डीन डाक्टर नीतू श्रीवास्तव के संयोजन में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर सरदार पटेल के जीवन की घटनाओ से संबंधित क्विज कॉम्पटीशन का आयोजन ट्विंकल दवरा किया ने किया। विजेताओ की घोषणा डॉ विद्यावती चंद्राकर ने किया।

■ सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर मनाया एकता दिवस

धूमधाम से मनाया खाटू श्याम का जन्मोत्सव, श्याम बाबा की सत्तीचौरा दुर्गा मंदिर में हुई पूजा

कार्नर न्यूज

# ताजे सुगंधित फूलों से श्याम बाबा का सजाया आकर्षक दरबार, 51 पूजा थाल से की महाआरती, भजनों में झूमे भक्त

**भिलाई।** सत्तीचौरा मां दुर्गा मंदिर में कार्तिक की ग्यारस श्याम बाबा के जन्मोत्सव के अवसर पर विशेष पूजन सहित दो दिनों तक कई धार्मिक आयोजन किये गए। जिसमें जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर शनिवार को श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें प्रसिद्ध गायकों ने सुंदर एवं मधुर गीतों की प्रस्तुति दी। आयोजन के अंतिम दिन 51 पूजा की थाल से बाबा की महाआरती कर खीर, बूंदी और लड्डू का प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर ताजे सुगंधित फूलों से बाबा का सुंदर और आकर्षक दरबार सजाया गया था। रात 12 बजे जमकर आतिशबाजी कर श्याम बाबा के जन्मोंत्सव की खुशियां मनाई गई।





### बाबा के जन्मोत्सव पर छोटे बच्चे से केक कटवाकर बांटी खुशियां

समिति के शिवम सेन और लक्की अग्रवाल ने बताया कि दुर्गा मंदिर गंजपारा में दो दिवसीय श्याम जन्मोत्सव का आयोजन किया गया था। दो दिवसीय कार्यक्रम में शुक्रवार को श्री श्याम बाबा के जन्मदिन की पूर्व संध्या को भजन का कार्यकाम आयोजित किया गया। समिति द्वारा श्याम जन्मदिन पर एक सुंदर एयं भव्य दरबार सजाया गया और श्याम भजन गायक द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति की गई। जिसमें देर रात्रि तक भक्तगण झूमते रहे। रात 12 बजे श्री श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर छोटे बच्चे से केक कटवाया गया और मंदिर परिसर के बाहर आतिशबाजी की गई। दूसरे दिन शनिवार को श्री श्याम जन्मोत्सव पर शाम 7 बजे श्री श्याम बाबा की 51 पूजा थाल से महाआरती की गई साथा ही खीर बूंदी लड्डू का प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान देर रात उपस्थित भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।



### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में सागर कालोया गोंदिया, सिंपल राठी, प्रीति राजगढ़िया, मनोज राजगढ़िया, ट्विंकल खेमका, नारायण खेतान, मुरारी सिंघानिया, प्रदीप अग्रवाल, सतीश गोयल, मनीष सेन, रितेश सेन, गोपू सेन, ललित शर्मा, राकेश तिवारी, निर्मल शर्मा, राजेश शर्मा, मनोज गुप्ता, लाला कुलेश्वर साहू, प्रतिभा सुरेश गुप्ता, दिनेश पुरोहित, मोनू शर्मा, राजू पुरोहित, राहुल शर्मा, गोपाल शर्मा, प्रकाश सिन्हा, मोहित पुरोहित, ऋषि गुप्ता, अनमोल पांडेय, सोनल सेन, सरिता शर्मा, किरण सेन, चंचल शर्मा, मिथिला शर्मा, चंदा शर्मा, आभा शर्मा, सिंधु गुप्ता, सुमन शर्मा, शिल्पी शर्मा, रूपल गुप्ता, संध्या वर्मा, कुलेश्वरी जायसवाल, लक्की पुरोहित, लक्ष्मी यादव, सार्थक शर्मा, सिद्धू गुप्ता, वंशु पुरोहित सहित सैकड़ों श्याम भक्त उपस्थित थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ फुटबॉल चैंपियंस में लायंस, जेएसएफ और पैंथर्स की जीत



**रायपुर।** वीर स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा में आयोजित छत्तीसगढ़ फुटबॉल चैंपियंस लीग के चौथे राउंड में 5 रात्रिकालीन मुकाबले खेले गए। क्लब के अध्यक्ष अधिवक्ता प्रवीण जैन ने बताया कि दिन का पहला मैच में शराफत लायंस और बोर्नियो कैपिटल के बीच हुआ। 8वें मिनट में शिवम साहू ने पहला गोल किया, 12वें मिनट में प्रणय ध्रुव ने बढ़त को दोगुना किया और 33वें मिनट में राजेश कुमार ने तीसरा गोल दागा। बोर्नियो एफसी की ओर से शिवेश द्विवेदी ने 44वें मिनट में एक गोल किया, लेकिन मैच शराफत लायंस के पक्ष में 3-1 से जीत चला गया। दूसरे मुकाबले में मैट्स पैंथर्स और ब्रहमविद एफसी आमने सामने थीं। नितेश ने 4, 11 और 39 वें मिनट में लगातार तीन गोल दागकर शानदार हैट्रिक पूरी की। वहीं ब्रहमविद एफसी की ओर से भोले ने 21वें मिनट और अरुण कुमार ने 45वें मिनट में गोल किए। यह मुकाबला मैट्स पैंथर्स ने 3-2 से अपने नाम कर किया।तीसरे मैच में जेएसएफ क्लब और इन्फिनिटी टाइगर्स के बीच खेला गया, मॉरिस दास ने 12वें और 23वें मिनट में दो गोल दागे, जबकि निरंजन ने 18वें मिनट में गोल कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। इन्फिनिटी टाइगर्स की ओर से एम. संदीप ने 42वें मिनट में एक गोल किया, लेकिन 48वें मिनट में अरशद हुसैन के गोल ने जेएसएफ क्लब की 4-1 से शानदार जीत पक्की कर दी। चौथे मुकाबले में नरेश चैलेंजर्स और विला एफसी के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। 9वें मिनट में अजय ने नरेश चैलेंजर्स को शुरुआती बढ़त दिलाई, परंतु 34वें मिनट में उदय ने गोल कर मैच को बराबरी पर ला दिया। यह मैच 1-1 से ड्रॉ पर समाप्त हुआ। पाँचवां मुकाबला एस.एस. ब्लास्टर्स और फिल्स फाइटर्स बिलासपुर के बीच खेला गया, जो पूरी तरह संतुलित रहा। दोनों टीमों ने कई शानदार मौके बनाए, लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी और मैच 0-0 की बराबरी पर खत्म हुआ।

### कर्नल सीके नायुडु ट्रॉफी में पहले दिन मयंक ने जड़े नाबाद 164 रन

**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा मेंस अंडर 23 कर्नल सीके नायुडु ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ की टीम का दूसरा मैच मैसूर में कर्नाटक के विरुद्ध खेला गया। पहले दिन छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये पहली पारी में 83 ओवरों में 10 विकेट खोकर 303 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से मयंक वर्मा ने शानदार शतक लगाते हुये नाबाद 164 रन बनाये। उनके अतिरिक्त प्रथम जाचक ने 53 रनों का योगदान दिया। कर्नाटक टीम की ओर से शशि कुमार, हार्दिक, ध्रुव तथा कार्तिकेय ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। कर्नाटक ने पहली पारी में 5 ओवरों में बिना किसी नुकसान के 17 रन बना लिये। पहले दिन की समाप्ति तक कर्नाटक 286 रनों से पीछे है।



### जिला स्तरीय नेटबॉल ट्रायल आज

**भिलाई।** चौथी जूनियर राज्य स्तरीय चैम्पियनशिप अंबिकापुर में 15 और 16 नवंबर को आयोजित है। इस प्रतियोगिता के लिए चयन ट्रायल 3 नवंबर को भिलाई विद्यालय स्कूल सेक्टर 02 नेटबॉल ग्राउंड में शाम 4.30 बजे से आयोजित है। खिलाड़ियों का जन्म वर्ष 2007 है। इच्छुक खिलाड़ी ट्रायल हेतु दिए गए समय में आधार कार्ड ,एनएफआई रजिस्ट्रेशन नंबर एवं एक पासपोर्ट फोटो के साथ उपस्थित होना होगा।



### राष्ट्रीय डॉजबॉल चैंपियनशिप में हिस्सा ले रही छत्तीसगढ़ टीम



**रायपुर।** भारतीय डॉजबॉल महासंघ की ओर से तीसरी जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप (बालक/बालिका/मिक्स) का आयोजन 04 नवंबर तक एलजे यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद में जारी है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 22 राज्यों से 48 टीमें भाग ले रही है, जिसमे छत्तीसगढ़ राज्य की भी टीम शामिल है। छत्तीसगढ़ की टीम मे खिलाड़ियों का चयन राज्य के 5 जिलों से किया गया है। जिनमे सुधांशु कुर्रे (कप्तान), घनश्याम टेकाम (उप कप्तान), लक्ष्य पाटनवार, युवराज पाटले, दिव्यम जैन, किशोरकांत कटकवार, हिमांशु लारोकर, दिव्या यादव, राशि पांडे, वृद्धि मानिकपुरी और सृष्टि राज शामिल है।

## यूरिक एसिड प्रभावित होने से आती है दूसरी दिक्कतें भी

# यूरिक एसिड का बढ़ना आम समस्या होते जा रही खानपान में सुधार कर पा सकते हैं दर्द से राहत

जिन लोगों के परिवार में पहले से किसी को यूरिक एसिड की समस्या है उनके लिए यह जोखिम अधिक होता है। इसके अलावा मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियां भी यूरिक एसिड के स्तर को बढ़ा सकती हैं।

क्या आपको भी अक्सर उंगलियों, पैरों और जोड़ों में दर्द बना रहता है? उठना चलना तक मुश्किल होता जा रहा है, ऐसी दिक्कतें हैं तो एक बार यूरिक एसिड की जांच करा लें। हाई यूरिक एसिड की समस्या के कारण इस तरह की दिक्कतें होना बहुत आम हैं।

यूरिक एसिड शरीर में प्यूरिन नामक तत्व के ब्रेकडाउन से बनता है। प्यूरिन प्राकृतिक रूप से शरीर की कोशिकाओं में और कुछ खाद्य पदार्थों में पाया जाता है। जब शरीर में प्यूरिन की मात्रा बढ़ जाती है, तो ये ठीक से बाहर नहीं निकल पाती है और जमा होने लगती है। समय पर इस समस्या पर ध्यान न दिया जाए तो आप मुश्किल में फंस सकते हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लाइफस्टाइल और खानपान में सुधार करके आप यूरिक एसिड की समस्या को न सिर्फ कंट्रोल में रख सकते हैं बल्कि पहले से ही कुछ उपाय करके इससे बचाव भी कर सकते हैं। यूरिक एसिड बढ़ा सकती है कई तरह की दिक्कतें



स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, यूरिक एसिड का स्तर बढ़ने पर कई तरह की दिक्कतें जैसी किडनी स्टोन, हाई ब्लड प्रेशर और हृदय रोगों का खतरा हो सकता है। अगर आप भी अधिक मात्रा में प्रोटीन, शराब, मीट या फिर बहुत अधिक चीनी वाले खाद्य पदार्थ खाते हैं तो इससे आपको यूरिक एसिड की समस्या हो सकती है। जिन लोगों के परिवार में पहले से किसी को यूरिक एसिड की समस्या है उनके लिए यह जोखिम और अधिक होता है। इसके अलावा मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियां भी यूरिक एसिड के स्तर को बढ़ा सकती हैं। अगर आप कम पानी पीते हैं तो किडनी को यूरिक एसिड को बाहर निकालने में कठिनाई होती है, इसके कारण भी जोखिम बढ़ जाता है।

### कुछ सब्जियों से मिलता है लाभ

अध्ययनों में कुछ सब्जियों को यूरिक एसिड की समस्या को कम करने वाला बताया गया है। आइए इस बारे में जानते हैं। पत्तागोभी में उच्च मात्रा में फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो यूरिक एसिड को कम करने में मदद करते हैं। इसके अलावा पत्तागोभी में कैल्शियम, पोटेशियम और विटामिन-सी भी भरपूर मात्रा में होता है, जो शरीर को स्वस्थ बनाए रखने में सहायक है। यह शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकालने में भी मदद करता है।



यूरिक एसिड की समस्या में खीरा खाने से आपको विशेष लाभ मिल सकता है। खीरा में पानी की मात्रा अधिक होती है, जो शरीर में यूरिक एसिड के स्तर को कम करने में सहायक है। खीरा प्राकृतिक डिटॉक्सिफायर भी है जो शरीर को साफ करने और शरीर से अतिरिक्त यूरिक एसिड को बाहर निकालने में मदद करता है। यूरिक एसिड की समस्या से बचे रहने के लिए आप आहार में टमाटर को भी शामिल कर सकते हैं। टमाटर में लाइकोपीन, विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो यूरिक एसिड के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। यह शरीर को अतिरिक्त यूरिक एसिड को बाहर निकालने और किडनी के कार्यों को बढ़ावा देने में भी सहायक है।




### डैश डाइट से भी मिलता है लाभ

अध्ययनों से पता चलता है कि जिन लोगों को यूरिक एसिड की समस्या होती है उनके लिए डैश डाइट काफी लाभकारी हो सकता है। आमतौर पर उच्च रक्तचाप को कम करने, हृदय को स्वस्थ रखने के लिए इस डाइट का पालन करते रहने की सलाह दी जाती रही है, हालांकि ये यूरिक एसिड को कम करने और गाउट जैसी समस्या से आपको बचाए रखने में भी सहायक है।इस डाइट प्लान में फल, सब्जियां, साबुत अनाज, मेवे और लीन प्रोटीन अधिक खाने की सलाह दी जाती है।



## वेगन डाइट को लेकर भ्रम न पालें, भोजन के नए ट्रेंड के बारे जरूर जानें

शरीर को स्वस्थ रखने और कई प्रकार की बीमारियों के जोखिमों को कम करने के लिए स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को रोजाना स्वस्थ और पौष्टिक आहार के सेवन की सलाह देते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि अगर आप पौधों पर आधारित खाद्य पदार्थों या वेगन डाइट का सेवन अधिक करते हैं तो इससे शरीर को कई प्रकार से लाभ मिल सकते हैं। विशेषतौर पर हृदय रोगों के जोखिम को कम करने और वजन को कंट्रोल करने में फायदों को देखते हुए इस तरह के डाइट प्लान की मांग काफी तेजी से बढ़ी है। पर क्या यह जानलेवा भी हो सकती है?

रूस की 39 वर्षीय फूड इन्फ्लुएंसर झना सैमसोनोवा की मौत ने इसपर कई तरह के सवाल खड़े कर दिए हैं। रिपोर्ट केअनुसार, भूख के कारण फूड इन्फ्लुएंसर की मौत हुई है, वह अपने दैनिक आहार में सिर्फ कुछ विशेष प्रकार के फलों का ही सेवन करती थी। झन्ना सोशल मीडिया पर लोकप्रिय थीं और विभिन्न प्लेटफार्मों पर उनके लाखों प्रशंसक थे।

### रॉ वेगन डाइट बनी मौत का कारण?

रिपोर्ट्स के अनुसार झन्ना पिछले पांच वर्षों से रॉ वेगन डाइट का ही सेवन कर रही थीं, जिसमें कुछ फल, सूरजमुखी के बीज के स्प्राउट्स, फलों की स्मूदी और जूस शामिल थे। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक झन्ना को 'हैजा जैसा संक्रमण' हो गया था, जिसके लिए रोजाना सिर्फ वेगन डाइट




का ही पालन करना एक कारण माना जा रहा है।

उसके दोस्तों ने खुलासा किया है कि कुछ महीने पहले श्रीलंका में वह पैरों में सूजन और लिम्फ की समस्या से भी पीड़ित थी। झना की मौत ने सवाल खड़े कर दिए हैं कि क्या वेगन डायट स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं है?

### पहले वेगन डाइट के बारे में जान लीजिए

वेगन डाइट, शाकाहारी आहार प्रणाली का हिस्सा है जिसमें पौधों पर आधारित (जैसे सब्जियां, अनाज, मेवे और फल) और पौधों से बने खाद्य पदार्थों को शामिल किया जाता है। वेगन डाइट का पालन करने वाले लोग डेयरी उत्पाद और अंडे सहित पशुओं पर आधारित खाद्य पदार्थ नहीं खाते हैं। अब तक के तमाम अध्ययनों के आधार पर पाया गया कि शरीर को अधिक पोषक तत्वों की पूर्ति करने के साथ वजन कम करने, मधुमेह और कैंसर से बचाने, हृदय रोगों से सुरक्षा देने में इस तरह के डाइट प्लान के लाभ हो सकते हैं।

### फिर कैसे हुई फूड इनफ्लुएंसर की मौत?

अगर वेगन डाइट सेहत के लिए इतने लाभकारी हैं तो फिर फूड इन्फ्लुएंसर की मौत के लिए इसे कारण क्यों माना जा रहा है? स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, रॉ वेगन डाइट के वैसे तो कई प्रकार के स्वास्थ्य लाभ होते हैं पर इस प्रकार के आहार के कुछ नकारात्मक पहलू भी हैं, खासकर जब आप अच्छी तरह से नियोजित ढंग से इसका सेवन नहीं किया गया हो। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, रॉ वेगन डाइट के कारण शरीर में कैल्शियम और विटामिन-डी की कमी होने का जोखिम रहता है।



## पाव भाजी में चुकंदर डालने से सच में बढ़ता है रंग और स्वाद?

पाव भाजी खाना हम सभी को पसंद होता है, लेकिन इसे खाने का मजा तभी आता है जब यह स्वाद के साथ-साथ देखने में अच्छा लगता है। इसके लिए कई सारे लोग चुकंदर का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन क्या इसके इस्तेमाल से पाव भाजी में रंग आता है।

पाव भाजी एक ऐसा स्ट्रीट फूड है जिसे खाना हर कोई पसंद करता है। कई सारे लोग तो इसे घर पर नाश्ते में बनाना पसंद करते हैं, लेकिन क्या आपने सोचा है कि बाहर वाली पाव भाजी का रंग लाल कैसे होते हैं? साथ ही इसका स्वाद इतना अच्छा कैसे आता है। इसके स्वाद और रंग को बढ़ाने के लिए इसमें चुकंदर डाला जाता है। चुकंदर से इसका रंग लाल नजर आता है। आइए जानते हैं चुकंदर को पाव भाजी में क्यों डाला जाता है और कैसे इसका स्वाद अच्छा आता है, ताकि अगली बार आप भी इसे घर पर चुकंदर डालकर बनाएं।

पाव भाजी में हम सभी ढेर सारी सब्जियों का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन हर किसी का रंग अलग-अलग होता है। साथ ही मसाले इस्तेमाल करने के बाद भी पाव भाजी का रंग लाल नजर नहीं आता है। इसलिए इसके रंग को बढ़ाने के लिए चुकंदर का इस्तेमाल किया जाता है। चुकंदर से पाव भाजी का रंग और स्वाद दोनों बढ़ जाता है। चुकंदर में प्राकृतिक रूप से गहरे लाल रंग का पिगमेंट होता है जिसे बेटालैन भी कहते हैं। जब इसे पाव भाजी में डाला जाता है, तो भाजी का रंग अच्छा



दिखता है। इसका इस्तेमाल बाजार में मिलने वाली पाव भाजी में भी सबसे ज्यादा होता है। साथ ही हर किसी को यह खाने के बाद पता भी नहीं चलता है कि इसमें चुकंदर का इस्तेमाल किया गया है। स्वाद की बात करें, तो चुकंदर का अपना एक हल्का मीठा स्वाद होता है। जब इसे पाव भाजी में मिलाया जाता है तो यह तीखे और मसालेदार स्वाद को बैलेंस करता है। चुकंदर को उबालकर पाव भाजी में मिक्स करें इससे यह अच्छे से इसमें मिक्स हो जाता है। यह भाजी को टेस्ट और कलर देता है। चुकंदर भाजी में एक नया और ताजा स्वाद जोड़ता है, जिससे भाजी का स्वाद और बढ़ जाता है।अगली बार आप घर पर पाव भाजी बनाएं तो चुकंदर का इस्तेमाल करें। इससे आपकी पाव भाजी का स्वाद दोगुना हो जाएगा। साथ ही आपको पाव भाजी का रंग देखकर भी इसे खाने का मन करेगा। इससे आपकी पाव भाजी में डले मसालों का टेस्ट भी बैलेंस हो जाएगा।

## धन के लिए करें चावल का आसान उपाय

कड़ी मेहनत के बावजूद लोगों को शिकायत रहती है कि हमें पूरा फल नहीं मिला, लेकिन चावल के इस उपाय से आप अपनी समस्याओं का निपटारा कर सकते हैं।

### इस तरह होगी धन की कमी दूर होगी

अक्षत यानी पूजा में साबुत चावल का उपयोग किया जाता है। हर दिन पूजा की थाली में सफेद चावल के कुछ दाने रखे ही जाते है, इतना ही नहीं पूजा करते समय भगवान को लाल टीके के बाद चावल भी माथे पर लगाया जाता है। दरअसल, अक्षत का अर्थ से धन की कमी दूर करने से है।



अखंडित से अर्थ है कि एक भी चावल टूटे नहीं होने चाहिए। इस कपड़े में गांठ बांधकर इसे आप अपनी तिजोरी में रख दें। फिर मां लक्ष्मी को भोग लगाएं और उनकी आरती करें। इस उपाय को करने से आपके पास कभी भी धन की कमी नहीं होगी। साथ ही, अगर आपके घर की आर्थिक समस्या भी खत्म हो जाएगी।

### भगवान को चढ़ाएं भोग

आपको भगवान को सफेद चावल के बना खीर चढ़ाना चाहिए। ध्यान रखें कि इसमें नमक नहीं छूना चाहिए। आप शाम के समय यह भोग भगवान को चढ़ाएं। क्योंकि यह माता को प्रसन्न करने का सबसे सही समय होता है। इस समय ही भगवान घर में पधारते हैं।

## कार्नर न्यूज

### झूमर की रोशनी से बदल जाता है आपके पूरे घर का लुक

# घर को झूमर से सजाना है तो पहले वास्तु नियमों को समझ लें, वैभव के साथ समृद्धि भी आएगी आपके द्वारे

अगर आप अपने घर को सजाने के लिए झूमर का इस्तेमाल कर रही हैं तो ऐसे में आपको वास्तु के कुछ नियमों का भी ध्यान रखना चाहिए। अपने घर को सजाने के लिए हम सभी कई एलीमेंट्स का इस्तेमाल करते हैं। होम डेकोर शोपीस से लेकर वॉल हैंगिंग्स तक कई चीजें घर को खूबसूरत बनाती हैं। हालांकि, यह देखने में आता है कि अधिकतर लोग अपने लिविंग एरिया में झूमर का इस्तेमाल जरूर करते हैं। यह ना केवल देखने में स्टाइलिश लगते हैं, बल्कि इनकी लाइटिंग के जरिए लिविंग एरिया का पूरा लुक ही बदल जाता है। अमूमन लोग झूमर लगाते समय अपने होम इंटीरियर, लिविंग एरिया के साइज व पसंद-नापसंद का ख्याल रखते हैं। लेकिन इसके अलावा भी आपको कुछ छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखना चाहिए, जिससे आपके घर में हमेशा पॉजिटिविटी बनी रहे। वास्तुशास्त्री डॉ. आनंद भारद्वाज कुछ ऐसे ही वास्तु नियमों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपने घर में झूमर लगाते समय ध्यान में रखना चाहिए-

### शीशे या क्रिस्टल का हो इस्तेमाल

जब आप अपने घर के लिए झूमर या शैंडेलियर को चुन रही हैं तो कोशिश करें कि उसमें शीशे या क्रिस्टल का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल किया गया हो।



अगर उसमें रियल क्रिस्टल का काम होता है तो उसे बहुत अच्छा माना जाता है। इस तरह के झूमर पूरे घर में पॉजिटिविटी लेकर आते हैं। (धन लाभ के लिए वर्कप्लेस में जरूर रखें कुछ चीजें)

### रखें शोपीस

अगर आप अपने में झूमर लगा रही हैं तो कोशिश करें कि आप उसे मिलते जुलते शीशे या ग्लॉस के शोपीस अन्य दिशाओं में रखें। इस तरह के शोपीस झूमर की एनर्जी को कई गुना बढ़ा देते हैं। आप इन्हें कई दिशाओं जैसे उत्तर, पूर्व या पश्चिम दिशा आदि में रख सकती हैं।

### कई रंगों को करें शामिल



घर में झूमर लगाते समय आप ध्यान रखें कि आप उसमें कई रंगों को किसी ना किसी तरह शामिल करें। जब झूमर में कई रंगों को शामिल किया जाता है तो इससे हर रंग की पॉजिटिव एनर्जी आपके घर को मिलती है और घर का माहौल काफी अच्छा रहता है। लेकिन इस बात का खासतौर पर ध्यान रखें कि आप झूमर में लाल रंग का बहुत अधिक इस्तेमाल ना करें। ऐसा करने से उसमें अग्नि तत्व बढ़ जाता है और इससे घर में बेवजह की टेंशन क्रिएट हो सकती है।

### साफ-सफाई पर दें ध्यान

अमूमन यह देखने में आता है कि लोग अपने घर में झूमर तो लगा देते हैं, लेकिन उसकी साफ-सफाई व मेंटेनेंस पर ध्यान नहीं देते हैं। जिससे झूमर पर धूल-मिट्टी जमा हो जाती है और उस पर जाले भी लग जाते हैं। हालांकि, आपको यह गलती नहीं करनी चाहिए। ऐसा करने से झूमर की पॉजिटिविटी खत्म हो जाती है और फिर इससे आपके घर को कोई पॉजिटिव एनर्जी नहीं मिल पाती है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जेल भेजे गए रैपर सीन डिडी, वेश्यावृत्ति से जुड़े मामले में काट रहे चार साल की सजा



अमेरिका के मशहूर हिप-हॉप सिंगर, रैपर और बिजनेसमैन सीन डिडी कॉम्ब्स को वेश्यावृत्ति से जुड़े अपराध में चार साल की सजा काटने के लिए न्यू जर्सी की जेल में भेजा गया है। यह फैसला उनके वकीलों की विशेष अपील के बाद आया है, जिन्होंने न्यायाधीश से अनुरोध किया था कि डिडी को ऐसी जेल में भेजा जाए, जहां उन्हें ड्रग रिहैबिलिटेशन प्रोग्राम का लाभ मिल सके। सीन कॉम्ब्स को न्यूयॉर्क की कुख्यात मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर, ब्रुकलिन से हटाकर अब फोर्ट डिक्स फेडरल करेक्शनल इंस्टीट्यूट, न्यू जर्सी भेजा गया है। यह जेल फिलाडेल्फिया से लगभग 55 किलोमीटर दूर एक सैन्य परिसर मैकग्वायर डिक्स लेकहर्स्ट बेस के पास स्थित है। यह जेल अमेरिका की उन चुनिंदा संघीय जेलों में से एक है, जहां नशे की लत छुड़ाने के लिए विशेष रेसिडेंशियल ड्रग ट्रीटमेंट प्रोग्राम चलाया जाता है। डिडी के वकील टेनी गेरागोस ने अदालत को बताया था कि यह स्थान उनके मुवक्किल के लिए बेहतर रहेगा, क्योंकि यहाँ उन्हें पुनर्वास, पारिवारिक मुलाकातों और मानसिक सुधार का अवसर मिलेगा। सीन डिडी कॉम्ब्स पर आरोप था कि उन्होंने कई वर्षों तक अपनी गर्लफ्रेंड्स और पुरुष यौन संबंधी वर्कर्स को निजी जेट से देशभर में यात्रा करवाई ताकि वो नशीली दवाओं के सेवन के दौरान यौन क्रियाओं में शामिल हो सकें। अदालत ने जुलाई 2025 में उन्हें इन आरोपों में दोषी करार दिया था। हालांकि, उन्हें यौन संबंधी ट्रैफिकिंग और रैकेटियरिंग जैसे गंभीर आरोपों से बरी कर दिया गया, जिनके तहत उम्रकैद की सज़ा भी हो सकती थी।

### टॉलीवुड

## 'मास जथारा' को फैंस ने बताया ब्लॉकबस्टर जमकर कर रहे तेजा के अभिनय की तारीफ



साउथ सुपरस्टार रवि तेजा की फिल्म 'मास जथारा' ने सिनेमाघरों में दस्तक दे दी है। इस फिल्म में रवि तेजा के साथ मुख्य भूमिका में 'पुष्पा' फेम एक्ट्रेस श्रीलीला हैं। 'मास जथारा' रवि तेजा के करियर की 75वीं फिल्म है। हाल ही में फिल्म का प्रीमियर उत्तरी अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और अन्य देशों में 30 अक्तूबर को हुआ। 'मास जथारा' देखने के बाद ट्वीटर (X) पर दर्शकों के रिव्यू आने शुरू हो गए हैं। एक यूजर ने फिल्म को ब्लॉकबस्टर बताया है। सोशल मीडिया पर फिल्म 'मास जथारा' को लेकर हर कोई तारीफ कर रहै है। एक यूजर ने लिख, 'दूसरे भाग को लेकर उत्साहित है, लेकिन पहला भाग की ट्रेडमार्क कॉमेडी, जबरदस्त एक्शन और धमाकेदार इंटरवल से भरपूर है। इस बार रवि पूरी तरह से मास मोड में वापस आ गए हैं।'

'मास जथारा' रवि तेजा के करियर की 75वीं फिल्म है। 'रावणसुरा', 'टाइगर नागेश्वर राव', 'ईगल' और 'मिस्टर बच्चन' जैसी फ्लॉप फिल्मों के बाद, फैंस का मानना है कि 'मास जथारा' रवि तेजा की ब्लॉकबस्टर फिल्म है। 'मास जथारा' मूवी का निर्देशन भानु भोगवरपु द्वारा किया गया है। जिसमें मास महाराज रवि तेजा और युवा नायिका श्रीलीला ने अभिनय किया है। फिल्म का निर्माण सीथारा एंटरटेनमेंट्स, फॉर्च्यून फोर सिनेमाज और श्रीकारा स्टूडियोज के बैनर तले प्रसिद्ध निर्माता सूर्यदेवरा नागवंशी और साई सौजन्या द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है। नवीन चंद्रा ने फिल्म खलनायक की भूमिका निभाई है। जबकि राजेंद्र प्रसद, नरेश, प्रवीण, हिमजा, वीटीवी गणेश, हाइपर आदी, अजय घोष और अन्य भूमिकाएं निभा रहे हैं। विधु अयन्ना छायाकार हैं, नवीन नूली संपादक हैं और भीम्स सिसरोलियो ने संगीत तैयार किया है।

### भोजपुरी

## मोनालिसा ने माइक्रो ड्रामा सीरीज में मारी है एंट्री, शेयर किया अपना रोमांटिक वीडियो



भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपना एक रोमांटिक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। इस वीडियो में मोनालिसा 'सैयारा' के गाने पर एक्ट करती दिख रही हैं, जिसके बाद क्रू उनका वीडियो देख रहे हैं। सोशल मीडिया पर मोनालिया के इस वीडियो की तारीफ जमकर हो रही। भोजपुरी सिनेमा की जानी-मानी एक्ट्रेस मोनालिसा को कौन नहीं जानता। उन्होंने अपने दम पर भोजपुरी से लेकर बॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री में छाप छोड़ी है। उन्होंने अपने लेटेस्ट पोस्ट में अपनी नई माइक्रो ड्रामा सीरीज की टीम को धन्यवाद दिया। अपनी एक्टिंग के लंबे सफर को तय करते हुए भोजपुरी एक्ट्रेस ने अब माइक्रो ड्रामा सीरीज में हाथ आजमाया है। मोनालिसा ने इंस्टाग्राम पर सीरीज की पूरी टीम को धन्यवाद देते हुए एक वीडियो पोस्ट किया। मोनालिसा ने कैप्शन लिखा, 'मेरे प्यारे दर्शकों, मेरे नए प्रोजेक्ट को इतना सारा प्यार देने के लिए आप सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद। पहली पहल हमेशा खास होती है और यह मेरी पहली माइक्रो ड्रामा सीरीज है। सभी दर्शकों को यह इतनी पसंद आई। सच में बहुत अच्छा लग रहा है। मेरे को-एक्टर्स, प्रोड्यूसर, डायरेक्टर समेत पूरी टीम को धन्यवाद।' यूं तो हिंदी सिनेमा में मोनालिसा ने कई फिल्में कीं, लेकिन उन्हें असल पहचान भोजपुरी सिनेमा से मिली थी। उन्होंने 2008 में 'भोले शंकर' से भोजपुरी इंडस्ट्री में डेब्यू किया था।




हमारे देश में भले ही कड़ाके की ठंड न पड़ी हो लेकिन यूरोप के कई देशों में जबरदस्त ठंड पड़ती है। उस हिसाब से वहां फैशन भी ढल जाता है। मॉडल पीटर व्हाइट, क्रिस्टी स्पैरो, पीटर व्हाइट और मोनक्लर ने माइनस डिग्री वाले ठंड के मौसम के फैशन की नुमाइश की है। मुमकिन है इन्हें देख कर ठंड का एहसास हो।

## ब्लैक आउटफिट के साथ स्टाइल करें ज्वेलरी डिजाइन, लगेंगी खूबसूरत



लड़कियों को आउटफिट और मेकअप के साथ-साथ ज्वेलरी का भी काफी शौक होता है। इसलिए जब भी वो कोई आउटफिट वियर करती हैं तो मार्केट से जाकर स्पेशली अपने लिए ज्वेलरी खरीदती हैं। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि आउटफिट के कलर के हिसाब से हमें ज्वेलरी को कॉन्ट्रास्ट करना पड़ता है, तभी आपका लुक परफेक्ट लगता है। ऐसे में अगर आप ब्लैक आउटफिट वियर कर रही हैं तो इसके साथ आप यहां बताए गए ज्वेलरी डिजाइन को वियर कर सकती हैं। इससे आप सबसे अलग और सुंदर लगेंगी। अगर आप ब्लैक आउटफिट वियर कर रही हैं तो इसके साथ आप स्टोन वर्क ज्वेलरी वियर कर सकती हैं। ब्लैक कलर के साथ इस तरह की ज्वेलरी काफी अच्छी लगती है। इनकी खास बात ये होती है कि इसे आप ब्लैक के अलावा और भी अलग-अलग कलर वाले आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको नेकलेस पर स्टोन वर्क मिलेगा। वैसे ही इयररिंग्स मिलेंगे। लेकिन इस बात का ध्यान रखें की अगर नेकलेस हैवी हो तो उसके साथ इयररिंग्स सिंपल रखें। क्योंकि तभी आप परफेक्ट लगेंगी।

आप अपने ब्लैक आउटफिट के साथ पर्ल ज्वेलरी स्टाइल कर सकती हैं। ये भी काफी अच्छी लगती है। क्लासी लुक क्रिएट (ओवल शेप के लिए इयररिंग्स) करने के लिए आप इसे वियर कर सकती हैं। इसमें आप लेयर नेकलेस या फिर सिंपल नेकलेस को खरीद सकती हैं। साड़ी, सूट या फिर इंडो वेस्टर्न हर तरह के आउटफिट के साथ ये काफी अच्छे लगते हैं। लेकिन अगर आप व्हाइट पर्ल लेंगे तभी ये आपके आउटफिट के साथ अच्छे लगेंगे।

## वियर करें बॉटम कट कुर्ती के ये डिजाइन, लगेंगी स्टाइलिश



कुछ खास मौके पर ज्यादातर लोग एथनिक वियर पहनना पसंद करते है अगर आपको भी साड़ी या सूट पहनना है तो इस बार आप यहां बताए गए आउटफिट डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। आप चाहे तो बॉटम कट कुर्ती वियर कर सकती हैं। इसमें आपको कई सारे अलग-अलग तरह के ऑप्शन मिलेंगे। इनकी खास बात ये होती है कि इन्हें आप किसी भी बॉटम के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इसके अलावा आप अलग-अलग तरह की एक्सेसरीज को भी स्टाइल कर सकती हैं।

### टाई अप नेक कुर्ती डिजाइन



अगर आप कुछ नया लुक ट्राई करना चाहती हैं तो इसके लिए टाई अप नेक कुर्ती डिजाइन को वियर कर सकती हैं। इस तरह की कुर्ती में आपको नीचे की तरफ राउंड कट मिलेगा। इसी के साथ फुल सलीव्स मिलेगी। साथ में नेक पर टाई पर डिजाइन मिलेगा। इस तरीके की कुर्ती को आप जींस के साथ वियर कर सकती हैं। इसके अलावा आप चाहे तो पैंट के साथ भी वियर कर सकती हैं। इसमें आपको शॉर्ट और लॉन्ग दोनों तरह की कुर्ती के डिजाइन मिल जाएंगे। इस कुर्ती के साथ लुक को कैजुअल रखें। बस मेकअप को थोड़ा मिनिमल करें।

### प्रिंटेड बॉटम कट कुर्ती डिजाइन

अगर आपको कुछ प्रिंटेड पहनने का मन है तो कुर्ती डिजाइन को वियर कर सकती हैं। इस (कुर्ती डिजाइन) तरीके के कुर्ती डिजाइन भी काफी अच्छे लगते हैं। इसमें आपको बड़ा-बड़ा प्रिंट मिल जाएगा। इसी के साथ नेक पर कॉलर मिलेगा। इसको वियर करने के बाद आपको ज्यादा ज्वेलरी वियर करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हैवी इयररिंग्स के साथ आप इस लुक को कंप्लीट कर सकती हैं।इस तरह की कुर्ती को आप मार्केट से 250 से 500 की रेंज में खरीद पाएगी।

## सेलेब्स लुक को आप भी अपना सकते हैं प्री-वेडिंग पार्टी के लिए



अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए आपको लेटेस्ट फैशन ट्रेंड को फॉलो करना चाहिए और इसके लिए आपको सेलिब्रिटीज के कई डिजाइनर लुक्स आसानी से मिल जाएंगे। एक पार्टी में सोनम कपूर के पहने लहंगे को डिजाइनर अबू जानी संदीप खोसला ने डिजाइन किया है। इस तरह का हैवी ब्लाउज खरीदकर आप प्लेन सिल्क लहंगा स्कर्ट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के लुक के साथ आप चोकर और मैचिंग स्टड्स इयररिंग्स को पहन सकती हैं।

कॉकटेल पार्टी नाइट के लिए इस तरह आप अगर इंडो-वेस्टर्न लुक स्टाइल करना चाहती हैं तो आप रेडीमेड साड़ी गाउन को खरीद सकती हैं। वहीं ब्लैक कलर नाइट पार्टी के लिए बेस्ट रहता है। इस तरह के लुक के साथ आप बालों के लिए ओपन स्लीक हेयर स्टाइल और मेकअप के लिए स्मोकी आई लुक और न्यूड लिप्स को चुन सकती हैं।

किसी भी फंक्शन में पॉवर लुक को स्टाइल करना चाहती हैं तो इस तरह से आप अपने स्टाइल स्टेटमेंट को बरकरार रख सकती हैं।

## चाहिए नेचुरल लुक तो फाउंडेशन लगाते वक्त रखें इन बातों का ध्यान



अगर आप फाउंडेशन का इस्तेमाल करने का सोच रही हैं, तो सबसे पहले सही फाउंडेशन का होना बेहद जरूरी है। अगर ये आपकी स्किन टोन और टाइप के हिसाब का नहीं होगा तो हो सकता है कि इसके इस्तेमाल से आपकी त्वचा एक शेड डार्क या फिर एकदम सफेद दिखने लगे।

### सही से करें ब्लेंड

अगर आप फाउंडेशन का इस्तेमाल सही तरीके से करेंगी तो आपका लुक एकदम नेचुरल आएगा। क्या आप जानती हैं कि फाउंडेशन को लगाने से पहले सही से ब्लेंड करना चाहिए। ये जितना अच्छे से ब्लेंड होगा, उतना ही इसका लुक निखर कर आएगा।

### कंसीलर इस्तेमाल करते वक्त रखें ये ध्यान

अगर आपके चेहरे पर पिंपल्स या अन्य दाग-धब्बे हैं तो कंसीलर का इस्तेमाल स्वाभाविक है। ऐसे में इसका इस्तेमाल फाउंडेशन के बाद ही करें वरना कंसीलर की वजह से फाउंडेशन का शेड खराब हो सकता है।

### फाउंडेशन लगाने के लिए क्या इस्तेमाल करें ?

अगर आप लिक्विड फाउंडेशन का इस्तेमाल कर रहीं हैं तो आपको इसे स्किन पर फैलाने के लिए ब्रश की मदद लेनी चाहिए, पर ध्यान रखें कि फाउंडेशन को ब्लेंड हमेशा ब्यूटी ब्लेंडर के साथ ही करना चाहिए।

### सेटिंग स्प्रे करेगा मदद

फाउंडेशन लगाने के बाद अगर आप चाहती हैं कि आपका मेकअप देर तक टिका रहे तो सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल करें।

### रखें इन बातों का ध्यान

फाउंडेशन का इस्तेमाल करने से पहले चेहरे को सही से मॉश्चराइज जरूर करें। इससे ये सही से स्किन पर सेट होगा। इसके साथ ही कभी भी बिना प्राइमर के फाउंडेशन का इस्तेमाल ना करें।

कार्नर न्यूज

सैलून जाने की चिंता से मिलेगी मुक्ति

## सैलून जाए बिना ही बदल सकते हैं अपना हेयर स्टाइल, घर पर आजमाएं काम के जरूरी टिप्स

सैलून जाने का झंझट अक्सर आपके लुक को खराब कर देता है। आप सैलून जाते नहीं हैं और बालों का स्टाइल क्या से क्या हो जाता है। है न। लेकिन आप ऐसा जानबूझकर तो नहीं करते हैं। आप जरूर बिजी रहते हैं और इसलिए आपके बालों का स्टाइल बदल जाता है। लेकिब अब आपको इसकी चिंता करने की जरूरत नहीं है। आप घर बैठे भी हेयर कट कर सकते हैं वो भी खुद।

हेयर स्टाइल बदलें वो भी खुद

हेयर कट के लिए सैलून जाना मुश्किल हो रहा है तो परेशां न हों बल्कि इसके लिए खुद थोड़ी कोशिश करें और काम को आसान करें, कैसे होगा ये जानिए-

### सबसे आसान कब

किस तरह के हेयर कट में कटिंग आसान होती है। वो भी तब जब आप खुद ऐसा कर रहे हों तो इसमें मीडियम लेंथ के हेयर स्टाइल शामिल हैं। मीडियम लेंथ हेयर स्टाइल में कुछ खास नाम शामिल किए जा सकते हैं जैसे क्रू कट या आइवी लीग।



### सबसे जरूरी नियम

अब जब आपने बाल खुद काटने का सोच ही लिया है तो ऐसा करते हुए सबसे जरूरी होगा कि एक नियम याद रखा जाए।

याद रखें कि बाल एक बार फिर कट सकते हैं लेकिन ज्यादा कट गए तो उनको फिर से बढ़ाना संभव नहीं है। इसलिए पहले लेंथ कम ही काटें।

### किनारे से शुरू करें

बाल जब भी खुद काटें तो किनारे से ऐसा करना शुरू करें। इसके बाद बालों के निचले तरफ कटिंग करें। इसके बाद ऊपर के बाल काटने की शुरुआत करें। यहां भी एक बार में बहुत ज्यादा बाल काटने से बचें।

### नेकलाइन की शेविंग

बाल जब कटते हैं तो नेकलाइन बिलकुल साफ और बेहतरीन हो जाती है। इसके बाद जब बाल बढ़ते जाते हैं तो यही नेकलाइन सबसे फले बताती है कि आपको हेयर कट की जरूरत है। अगर इस नेकलाइन को फिर से क्लियर लुक दे दिया जाए तो आपका हेयर कट फिर से रिफ्रेश हो जाएगा। इसके लिए आपको सिर्फ एक रेजर की जरूरत है। हालंकि ऐसा करते हुए आपको काफी सावधानी बरतनी होगी। इस वक्त एक अच्छा और साफ़ मिरर भी आपके काम आएगा। इस दौरान ध्यान रखें कि रेजर को वर्टिकल एंगल पर चलाएं। कान तक ऐसा करें लेकिन ध्यान से।

